आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 31 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-124 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 01 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

प्रीति सूदन को मिली यूपीएससी चेयरपर्सन की जिम्मेदारी

नई दिल्ली,31 जुलाई। यूपीएससी को नया चेयरपर्सन मिल गया है. यह जिम्मेदारी पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को मिली है. उनकी नियुक्ति को लेकर

राष्ट्रपति की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है. वह गुरुवार यानी 1 अगस्त से कार्यभार संभालेंगी. उनसे पहले यूपीएससी के चेयरमैन मनोज सोनी थे, जिन्होंने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया था. फिलहाल प्रीति सूदन यूपीएससी की सदस्य हैं, जो अब प्रमोशन के बाद चेयरपर्सन होंगी. 1983 बैच की आईएएस अधिकारी प्रीति सूदन लंबे समय तक स्वास्थ्य सचिव रही हैं. इसके अलावा 2022 से वह यूपीएससीकी मेंबर हैं. आंध्र प्रदेश काडर की आईएएस अधिकारी प्रीति सूदन ने, रक्षा मंत्रालय, खाद विद्याग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में भी काम किया है. उन्हें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को तेजी से बढ़ाने का क्रेडिट दिया जाता है. इसके अलावा आयुष्मान भारत स्कीम का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है. नेशनल मेडिकल कमिशन और ई-सिरगेट बैन करने को लेकर आए विधेयक को तैयार करने में भी उनकी अहम भूमिका थी. प्रीति सूदन को तेजतर्रार को समय पर काम निपटाने वाली अधिकारी के तौर पर जाना जाता है.

कबीर नगर में बेटे ने बाप को उतारा मौत के घाट

रायपुर,31 जुलाई। राजधानी के कबीर नगर थाना इलाके के वीरसावरकर नगर में आज एक बुजुर्ग की लाश घर के बाहर पड़ी मिली जिससे इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। एएसपी पश्चिम दौलतराम पोर्ते ने बताया है कि प्राथमिक दृष्टया ये लग रहा है कि बेटे ने ही अपने बाप को मौत के घाट उतार दिया है। ये वारदात कबीर नगर के वीरसावरकर नगर स्थित घर में हुआ जहां एक बेटे ने अपने ही बाप की हत्या कर दी है। शव की शिनाख्त विद्या धर बेहरा उम्र 60 साल निवासी उडीसा के रूप में हुई है। वही हत्यारे बेटे का नाम चंद्रकांत बेहरा है। जो कि देर शाम से ही फरार है। मौके पर पुलिस ने पहुचकर बुजुर्ग के शव को अपने कब्जे में ले लिया है। और बुजुर्ग के शरीर पर चोट के निशान मिले है जिससे हत्या की आशंका साफ़ जताई जा सकती है। पुलिस और स्नरुकी टीम मौके पर पहुंचकर इलाके का जायजा ले रहे है।

शराब पीने से तीन साल की बच्ची की मौत

बलरामपुर,31 जुलाई। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मासूम बच्ची की शराब पीने से मौत हो गई। बच्ची की उम्र तीन साल थी। बच्ची खेल-खेल में शराब पी गई। बताया जा रहा है कि बच्ची खेल रही थी। इस दौरान घर में रखी महुआ शराब को पानी समझकर पी गई। आनन-फानन में बच्ची को इलाज के लिए अम्बिकापुर मेडिकल कालेज में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पूरा परिवार सदमें में हैं। घटना बलरामपुर के त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव की है।

रायपुर-बिलासपुर में होगी विशेष जेल की स्थापना

बिलासपुर,31 जुलाई। प्रदेश के जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों और उनके रहने की अमानवीय परिस्थितियों को लेकर लगाई गई जनहित याचिकाओं पर शासन ने हाईकोर्ट में जवाब पेश किया है. जिसमें बताया गया है कि रायपुर और बिलासपुर जिले में विशेष जेलों की स्थापना की जा रही है. साथ ही बेमेतरा में खुली जेल शुरू की जा रही है. मामले में दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी.

रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल पद की ली शपथ

मुख्यमंत्री साय ने नए राज्यपाल को दी बधाई

रायपुर,31 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

रमेन डेका ने आज राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ के 10 वें राज्यपाल के रूप में अपने पद की शपथ ली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा ने उन्हें शपथ दिलाई। राज्यपाल श्री डेका ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी उपस्थित रहीं। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा ने राज्यपाल श्री डेका को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिवादन किया और शुभकामनाएं दी।

समारोह में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने श्री रमेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त करने के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा जारी वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट पढ़ा। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ और समापन सेरेमोनियल पुलिस बैंड द्वारा बजाए गए राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर राज्य गीत की धुन भी बजाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत राज्यपाल श्री रमेन डेका को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, वित्तमंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, वन एवं जलवायु परिवर्तन श्री केदार कश्यप, वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयाल दास बघेल, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व, खेलकूद एवं युवक कल्याण, मंत्री श्री टंकराम वर्मा, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, सहित अन्य विधायकगण उपस्थित थे।

समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के आयुक्त श्री एन.के. शुक्ला, श्री आलोक चंद्रवशी, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक, श्री नारायण चंदेल, श्री गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व मंत्री, सांसद, विधायकगण सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, श्री सुब्रत साहू, श्री मनोज पिंगुआ, राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल श्री व्ही.पी.वर्मा, राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री भीष्म प्रताप पाण्डेय सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यपाल के परिजन, विश्वविद्यालयों के कुलपति, मीडिया कर्मी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

(जीवन परिचय पृष्ठ 4 पर)

इस्लामिक स्टेट को लेकर यूएन की बड़ी रिपोर्ट

आतंकवादी समूह भारत के खिलाफ बना रहा खतरनाक प्लान

नई दिल्ली,31 जुलाई। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवंत-खोरासान भारत में बड़े पैमाने पर हमले न कर पाने के बावजूद इस देश में स्थित अपने आकाओं के माध्यम से ऐसे लड़ाकों की भर्ती करना चाहता है जो अकेले ही हमलों को अंजाम दे सकें। आईएसआईएल, अल-कायदा और उससे जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के बारे में विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की 34वीं रिपोर्ट मंगलवार को यहां जारी की गई। इसमें कहा गया है कि सदस्य देशों ने चिंता जताई है कि अफगानिस्तान से पैदा होने वाला आतंकवाद क्षेत्र में असुरक्षा का कारण बनेगा। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत में बड़े पैमाने पर हमले न कर पाने के बावजूद आईएसआईएल-के देश में अपने आकाओं के जरिए ऐसे लोगों की भर्ती करना चाहता है जो अकेले हमलों को अंजाम दे सके और उसने उर्दू में हिंदू-मुस्लिम द्वेष को बढ़ाने वाली तथा भारत के संबंध में अपनी रणनीति को रेखांकित करने वाली एक पुस्तिका जारी की है। इसमें कहा गया है कि आईएसआईएल-के इस क्षेत्र में सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है, जो अफगानिस्तान से परे आतंक फैला रहा है, जबकि अल-कायदा रणनीतिक संयम बरतता है और तालिबान के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है। रिपोर्ट के अनुसार, तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी), तालिबान और भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) के बीच समर्थन और सहयोग बढ़ा है। वे अफगानिस्तान में

लड़ाकों और प्रशिक्षण शिविर साझा कर रहे हैं और तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के बैनर तले अधिक घातक हमले कर रहे हैं।इसमें कहा गया है, अतः टीटीपी अन्य आतंकवादी समूहों के लिए एक पनाह देने वाले संगठन में तब्दील हो सकता है। मध्यम अवधि में, टीटीपी और एक्यूआईएस का संभावित विलय पाकिस्तान और अंततः भारत, म्यांमा और बांग्लादेश के खिलाफ खतरा बढ़ा सकता है।

आयुष मंत्रालय भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ लोगों को जागरूक करे :सुको

नई दिल्ली,31 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने दवाओं के भ्रामक विज्ञापन पर कड़ा रूख अपनाया. कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए अपनी वेबसाइट पर एक डैशबोर्ड बनाना चाहिए.

जस्टिस संदीप मेहता और हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि विज्ञापनों को मीडिया में जारी करने से पहले उसकी उचित स्वीकृति अनिवार्य की जानी चाहिए. पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया. पीठ ने भारतीय चिकित्सा संघ की ओर से दाखिल याचिका में आरोप लगाया कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बदनाम करने के लिए अभियान चलाया था.

सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ लोगों द्वारा की जा रही शिकायतों पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया. पीठ ने कहा कि प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई के बारे में उचित आंकड़ों की कमी उपभोक्ताओं को असहाय और अंधेरे में छोड़ देती है. पहले उपभोक्ताओं की 2500 से अधिक शिकायतें थी, जो अब घटकर सिर्फ 130 रह गई है. जस्टिस कोहली ने कहा कि तथ्यों को देखने से इसकी प्रमुख वजह इस तरह की शिकायतों से निपटने के लिए समुचित शिकायत निवारण तंत्र का प्रचार प्रसार नहीं किया जाना मालूम होता है.

राज्यपाल ने मां काली से लिया आशीर्वाद

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मनोनीत राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज प्रातः आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर में जाकर दर्शन-पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मनोनीत राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती रानी डेका काकोटी एवं अन्य परिजन उपस्थित थे।

बद्रीनाथ मार्ग बंद होने से फंसे 2000 तीर्थयात्री

नईदिल्ली,31 जुलाई। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में वर्षा और भूस्खलन से परेशानी अब भी बनी हुई है। हिमाचल में कुल्लू जिले की मणिकर्ण घाटी में बादल फटने से सोमवार रात को तोष नाला में बाढ़ आ गई। इससे तोष गांव को जोड़ने वाला पुल बह गया और गांव से संपर्क कट गया है। दो दुकानें भी बह गई और होम स्टे व रेस्तरां को भी नुकसान पहुंचा है। मंगलवार को प्रशासन ने वैकल्पिक पुल बनाकर गांव में फंसे 200 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला। वहीं, उत्तराखंड में वर्षा के कारण बदरीनाथ हाईवे 12 घंटे बाधित रहा। इससे करीब दो हजार से अधिक यात्री रास्ते में फंसे रहे। मौसम विभाग ने 31 जुलाई को प्रदेश के तीन जिलों कांगड़ा, ऊना व सिरमौर में जबकि उसके बाद आगामी दो दिनों के लिए ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने का आरेंज अलर्ट जारी किया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जोरदार वर्षा का क्रम जारी है। इससे चारधाम यात्रा मार्ग लगातार बाधित हो रहे हैं। सोमवार रात से हो रही वर्षा से चमोली के गुलाबकोटी में मलबा आने से बद्रीनाथ हाईवे 12 घंटे बाधित रहा। इस दौरान करीब दो हजार से अधिक यात्री रास्ते में फंसे रहे। सुबह चार बजे बदरीनाथ हाईवे पर लंगासू और गुलाबकोटी में मलबा आ गया।

मेरे जैसे कार्यकर्ता सत्ता के लिए नहीं समाज सेवा के लिए हैं : भागवत

लखनऊ,31जुलाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत अक्सर महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं। वहीं, हाल ही में वह उत्तर प्रदेश के अमरोहा में श्री दयानंद गुरुकुल कॉलेज में एक नए भवन के उद्घाटन में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एक छात्र ने भागवत से पूछा कि उन्होंने अब तक भारत के प्रधान मंत्री जैसा कोई प्रमुख पद या कोई अन्य महत्वपूर्ण भूमिका क्यों नहीं निभाई? इसके जवाब में भागवत ने कहा कि उनके जैसे कार्यकर्ता यहां सत्ता में रहने के लिए नहीं बल्कि देश की सेवा करने के लिए हैं। उन्होंने कहा, हम यहां कुछ बनने के लिए नहीं आए हैं। हम यहां देश के लिए काम करने आए हैं। चाहे हम चार दिन रहें या न रहें, हमारी मातृभूमि का गौरव अमर रहे।÷ आगे बोलते हुए, भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि व्यक्तिगत रूप से पूछे जाने पर कोई भी आरएसएस स्वयंसेवक एक शाखा चलाने की इच्छा व्यक्त करेगा।

उन्होंने कहा कि आरएसएस के आदेश सर्वोच्च हैं और उन्होंने खुद को संगठन के काम के लिए पूरी तरह समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि देश के प्रति प्रतिबद्धता नहीं होती तो कोई भी अपना घर नहीं छोड़ता।

उन्होंने कहा, हमने तय किया कि हमारी कीमत क्या है...हमें खुद को पूरी तरह से राष्ट्र के प्रति समर्पित करके काम करना चाहिए। इसलिए, हमने शुरू से ही ऐसे पदों के लिए दरवाजे बंद कर दिए हैं।÷ भागवत ने यह भी उल्लेख किया कि आरएसएस निर्देश देता है कि क्या किया जाना चाहिए और वह उसी के अनुसार पालन करता है। आरएसएस प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा या इच्छा नहीं है, उन्होंने कहा, व्यक्ति के रूप में हम कुछ भी नहीं हैं। हमने सब कुछ छोड़ दिया है। हमारा वश चले तो हम अपना नाम-रूप भी त्याग दें, परंतु संघ में इसकी अनुमति नहीं है।

अनुराग ठाकुर के भाषण के मुरीद हुए पीएम मोदी

नई दिल्ली,31 जुलाई। सदन में अनुराग ठाकुर ने जो भाषण दिया,पीएम मोदी ने भी उसकी तारीफ की है। पीएम मोदी ने अपनी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा संसद में दिए भाषण की तारीफ की। प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर कहा, यह भाषण मेरे युवा और ऊर्जावान सहयोगी अनुराग ठाकुर का है, जिसे अवश्य सुनना चाहिए। यह तथ्यों से समाहित है। यह इंडी गठबंधन की गंदी राजनीति को उजागर करता है।लोकसभा में अनुराग ठाकुर की नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के साथ तीखी बहस हुई। कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद ने यह तक कह दिया कि एक नेता ने खड़े होकर कमल पर कटाक्ष किया, लेकिन कमल का नाम तो राजीव भी है।

बदहाल सड़क पर कांग्रेसियों ने लगाया रोपा

खैरागढ़,31 जुलाई। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिला मुख्यालय का प्रसिद्ध इतवारी बाजार की सड़कें सालों से बदहाल हैं. बारिश के मौसम में स्थानीय लोगों को सड़क सुविधा के बिना काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. ऐसे हालातों को देखते हुए आज जिला कांग्रेस कमेटी ने बरसते पानी में सड़क पर धरना प्रदर्शन किया और इतवारी बाजार चौक में ही धान का रोपा लगा कर विरोध दर्ज किया है. बता दें, जिले के मुख्य बाजार यानी इतवारी बाजार में बेहतर सड़क सुविधा के लिए स्थानीय लोगों ने इससे पहले भी कई बार प्रदर्शन किया है. लेकिन अब तक सड़कों की स्थिती जस की तस है. वहीं आज इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया और भारी बारिश के बीच ही कांग्रेसी सड़क पर बैठ गए. कांग्रेसियों ने इतवारी बाजार चौक की सड़क पर धान का रोपा लगाया और ज्ञापन लेने पहुँचे अधिकारी को बेशर्म का फूल देकर अपना विरोध जताया है. इस मामले में विधायक मनराखन देवांगन ने

बताया कि शहर के सभी मुख्य मार्गों में बड़े बड़े गड्ढे हैं जिसके चलते राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे है. वहीं स्कूल जाने वाले बच्चे इस बदहाल सड़क से परेशान हैं, जिसे लेकर आज हमने धरना प्रदर्शन किया है. प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासन ने यहाँ जीरा गिट्टी डालकर खानापूर्ति की है, लेकिन हमें इसका स्थाई समाधान चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि इसका स्थाई समाधान नहीं होने पर हम उग्र आंदोलन करेंगे और विधायक खैरागढ़ के माध्यम से सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे.

निशानेबाजी में मनु भाकर ने अब तक अपनी उम्र से अधिक 24 पदक जीते

jasclaudius@gmail.com

किशोरावस्था को न्यौछावर कर पदक भारत को समर्पित

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी का पदक जीतने के बाद आज की युवा पीढ़ी के लिए मनु भाकर आदर्श बन गई है। इस स्थिति में पहुंचने के लिए मनु ने क्या खोया क्या पाया, शायद इसे कोई नहीं जानता। 18 फरवरी 2002 को हरियाणा के झज्जर जिले के गोरिया गांव के एक जाट परिवार में इसका जन्म हुआ। इंजीनियर पिता और शिक्षाविद माता की बेटी की दिलचस्पी बचपन से ही खेलकूद के प्रति रही। इसकी सबसे बड़ी वजह हरियाणा प्रदेश में खेल का माहौल है। वहां चाहे लड़का हो या लड़की, खेलकूद में कोई लिंग भेद नहीं है और हरियाणा की सरकार खिलाड़ियों के उच्च प्रशिक्षण व अन्य सुविधाओं के द्वारा छोटे से बड़े होते नौनिहालों को खेलकूद में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित करती है। भारत के किसी भी राज्य के मुकाबले हरियाणा में खेलकूद के लिए सबसे अनुकूल वातावरण है। जिसका प्रणाम यह है कि भारत में राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद प्रतिस्पर्धा में हरियाणा के प्रतिभागी पहले से लेकर चौथे स्थान पर रहते हैं। मनु भाकर भी बचपन में निशानेबाजी के साथ, जूडो,कराटे, मुक्केबाजी,स्केटिंग तथा एथलेटिक्स की खिलाड़ी थी लेकिन उनकी पहली पसंद निशानेबाजी रही जिस पर मनु ने जमकर अभ्यास आरंभ किया। मनु की रूचि को देखते हुए उनके पिता ने अपनी नौकरी छोड़ दी। मनु के लिए सिर्फ 15 वर्ष की उम्र में उन्होंने लायसेंसी पिस्टल की व्यवस्था की ताकि निशानेबाजी के खेल में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। शिक्षित,जागरूक, समर्थ माता-पिता, खेलकूद का सकारात्मक माहौल तथा भाग्य तो मनु भाकर के साथ था परंतु मानसिक,शारीरिक रुप से निशानेबाजी के खेल में अपने आपको पूरी निष्ठा के साथ समर्पण करने की

जिम्मेदारी स्वयं मनु भाकर की थी। 13-14 वर्ष की उम्र के किसी किशोर से उसके बचपन को छिना नहीं जा सकता। छोटी उम्र में दिल व दिमाग का इधर-उधर भटक जाना आम बात है जैसे की आज के आधुनिक युग में बच्चों पर दबाव डालकर कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। मनु की यह सबसे उल्लेखनीय बात रही कि निशानेबाजी खेल के सामने अपने बचपन-किशोरावस्था को न्यौछावर कर दिया। इसका प्रमाण है कि सिर्फ 15 वर्ष की आयु में केरल में आयोजित निशानेबाजी की राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2017 में लक्ष्य पर अचूक व सटीक निशाना लगाकर मनु ने नौ स्वर्ण पदक जीतने के साथ निशानेबाजी जगत में कीर्तिमान स्थापित किया और निशानेबाजी के साथ भारत के खेल आकाश में एक नये सितारे का जन्म हुआ। मनु भाकर नाम का यह सितारा आज ओलंपिक खेलों में भारत के लिए निशानेबाजी स्पर्धा के 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित इवेंट में एक के बाद एक दो कांस्य पदक जीतकर नीले आसमान में दैदिप्यमान सितारों की तरह चमक बिखेर रहा है। इंजीनियर पिता ने अपनी नौकरी को त्यागकर अपनी बेटी को निशानेबाजी में आगे बढ़ने के मार्ग को प्रशस्त किया दूसरी तरफ बिटिया ने अपने त्याग, समर्पण, मेहनत, धैर्य के दम पर माता-पिता ,प्रशिक्षक के सपनों को पूरा किया। सिर्फ 15 वर्ष की उम्र में केरल में मिली सफलता की वजह से आत्मविश्वास से भरी मनु ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपनी इच्छाओं को भूलते हुए इस खेल के माध्यम से भारत राष्ट्र के लिए अपने आपको समर्पित कर दिया। जिसका परिणाम यह रहा कि उन्होंने अब तक विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 17 स्वर्ण, 04 रजत, 03 कांस्य सहित अपनी उम्र से अधिक 24 पदक अपनी झोली में लाकर अपने अभिभावकों, प्रशिक्षक, प्रोत्साहनकर्ताओं को सौंप दिया है। प्राप्त 24 पदक ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, विश्वकप, युवा ओलंपिक, जूनियर विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेल के माध्यम से आये। 2017 से जारी खेल के इस सफर में सिर्फ कामयाबी ही नहीं मिली परंतु 2020 के टोक्यों में मिली असफलता ने मनु के हौसले को तार-तार कर दिया था परंतु अभिवाक, प्रशिक्षक के सहयोग के साथ खुद के अंदर छिपे हुए मनोबल ने मनु को हताशा से बाहर निकाल लिया।

माहौल हमारे पक्ष में, इसे बरकरार रखने की जरूरत:सोनिया गांधी

नई दिल्ली,31 जुलाई। प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव आने से पहले कांग्रेस संसदीय दल की आज बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में सीपीपी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि माहौल हमारे पार्टी के पक्ष में है, लेकिन लोकसभा चुनाव में जो गति और सद्भावना पैदा हुई थी, उसे बरकरार रखने की जरूरत है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। मैं यह कहने का साहस करता हूं कि यदि हम लोकसभा चुनावों में देखे गए रुझान को दशांते हुए अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा।

गांधी ने मोदी सरकार पर लोकसभा चुनावों में अपनी महत्वपूर्ण गिरावट से सही सबक नहीं लेने और समुदायों को विभाजित करने और भय और दुश्मनी का माहौल फैलाने की अपनी नीति पर कायम रहने का भी आरोप लगाया। 77 वर्षीय ने पहली बार सांसदों के लिए एक विशेष संदेश भी दिया, जिसमें उनसे पूरी तरह से तैयार रहने, संसद सत्र न चूकने और समिति के कार्यों को गंभीरता से लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आप में से कई लोग पहली बार सांसद बने हैं। कल हमारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम था। ऐसे और भी मौके आएंगे। मैं बस यह दोहराना चाहती हूं कि हममें से प्रत्येक को पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें नियमित रूप से संसद में उपस्थित रहना चाहिए, हर समय सतर्क रहना चाहिए और अपनी समिति के कार्यों को गंभीरता से लेना चाहिए।

पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने यह भी कहा कि कांग्रेस संसदीय दल को अधिक व्यापक शोध समर्थन और बैकअप की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमारे पास एक प्रणाली है, लेकिन हमारी बढ़ती संख्या के साथ, इस प्रणाली को जल्द ही मजबूत किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं। सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेताओं से लोकसभा चुनाव में उत्पन्न हुई गति और सद्भावना को बनाए रखने और उद्देश्य की भावना के साथ एकजुट होकर काम करने का भी आग्रह किया।

एक नजर

चेन स्नेचिंग करने वाला पकड़ाया

भिलाई, 31 जुलाई। भिलाई महिलाओं से चेन स्नेचिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है आरोपी से चेन स्नेचिंग के 7 मामलों का खुलासा हुआ है आरोपी मोटर साईकिल से घूम-घूम कर सुबह-शाम घटना को अंजाम देता था डीएसपी (क्राइम) हेम प्रकाश नायक ने बताया कि फुटेज के आधार पर टीम आरोपी को पकड़ने जुटी थी आरोपी की पहचान भरत गुप्ता उर्फ राहुल (24 साल) को घेराबंदी कर पकड़ा गया। कड़ी पूछताछ करने पर बताया कि आज से करीब 6 माह पूर्व में जनवरी में थाना भिलाई भट्ठी क्षेत्र से एक भोटर सायकल बजाज प्लेटिना चेन स्नेचिंग करने के लिए चोरी किया उसके पश्चात आरोपी ने फरवरी माह में थाना नेवई क्षेत्र अन्तर्गत मैत्रीकुंज में टहल रही महिला के गले से सोने की चैन लूटना, उसके बाद लगातार 04 घटना नेवई क्षेत्र में घटित करता रहा आज से करीब 01 सप्ताह पूर्व थाना मोहन नगर क्षेत्र में सिंधिया नगर हनुमान मंदिर के पीछे सुबा करीबन 06:00 बजे एक महिला अपने बच्चे को स्कूल बस में बैठा कर पैदल अपने घर जा रही थी उसी वक्त महिला के गले से मंगलसूत्र झपट लूट करना बताया जिसे अपने पास रखना बताया जिससे आरोपी के निशानदेही पर उसके कब्जे से 06 नग सोने की चैन व लंकिट घटना में प्रयुक्त 01 नग चोरी का मोटर सायकल बजाज प्लेटिना बरामद कर जब्त किया गया ।

सून घर का ताला तोड़ कर चोरी

भिलाई, 31 जुलाई। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सामान को चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 62,305,331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर कुरूद निवासी राहुल यादव (28वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज क राया कि उसके जीजा मान सिंह का मकान कैलाश नगर, कुरूद में है जो कि शासकीय कमर्चारी है। उनकी पोस्टिंग कोरबा जिला में है। उनकी लड़की की शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए वह परिवार के साथ घर में ताला लगाकर 25 जून को कानपुर गये हुए थे। मकान की एक चाबी पड़ोस के रहने वाले को दिये थे जो बीच - बीच में मकान की देखरेख करते थे। पड़ोसी ने 28 जुलाई को देखा तो मान सिंह के मकान का ताला टूटा था। पड़ोसी ने मानसिंह को फोन पर सूचना दी। तब प्रार्थी घर जाकर देखा तो घर के सामने मेन गेट, अंदर दरवाजे का व आलमारी का ताला टूटा हुआ व सामान बिखरा पड़ा हुआ था। अज्ञात चोर ने चोरी कर भाग गया है। घर मालिक के आने के बाद पता चलेगा कि कितने का सामान चोरी हुआ है।

पर्स लूटने वाला गिरफ्तार

भिलाई, 31 जुलाई। भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने चाकू दिखाकर पर्स लूटने वाले आरोपी को घेराबंदी करते हुए पकड़ा है आरोपी के पास से पुलिस ने मनी पर्स, 2200 रुपए, आधार कार्ड, पैन कार्ड को जब्त किया हैं वार्ड 13 आमापारा थाना मोहन नगर निवासी प्रार्थी जावेद खान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 29 जुलाई की रात को वह अपनी बोलेरो पर सवार होकर पोलसाय पारा की ओर जा रहे थे उसी समय आरोपी ने कार को जबरन रोका और चाकू दिखाकर पर्स छीन लिया पर्स में 2200 रुपए नगद आधार कार्ड, पैन कार्ड रखा हुआ था ।

एसएमएस-3 ने हासिल की एक और उपलब्धि

भिलाई, 31 जुलाई। क्लोज/सबमर्ज्ड रूट के माध्यम से सीवी-1 बिलेट कास्टिंग की सफल कमीशनिंग के बाद, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने उपयुक्त मॉडीफिकेशनों के बाद 27 जुलाई को ओपन कास्टिंग रूट के जरिए बिलेट कास्टिंग का सफलतापूर्वक ट्रायल किया।

टीएमटी बार के रोलिंग में एक और नया रिकॉर्ड बनाया

भिलाई, 31 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) के लिए 2024 का जुलाई माह, दैनिक उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित करने का माह रहा है। मिल ने 28 जुलाई 2024 को 16 मिमी व्यास में 3,930 टन टीएमटी बार का उत्पादन किया, जो 17 मई 2024 को 16 मिमी व्यास के रोल किए गए।

झूला उत्सव प्रभु से जुड़ने का एक माध्यम:भगवान दास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

साजा, 31 जुलाई। श्रीरामहर्षण कुंज साजा में चल रहे सावन झूला उत्सव का भकगण आनंद ले रहे हैं। झूला झूलन बिहारी सरकार अपने लावण्य, सौंदर्य की इतनी छटा बिखेर रहे हैं कि श्रद्धालु अपलक उनकी माधुरी छवि को निहार रहे हैं। इस अवसर पर संत श्री भगवानदास जी ने कहा कि झूला उत्सव प्रभु से जुड़ने का एक माध्यम है। झूला झूलन बिहारी सरकार की कृपा से जीव चौरासी लाख योनियों के झूलन के चक्कर से बच जाता है। झूलन सुख प्राणी को माया के झूलने से बचाता है। महंत श्री वैष्णवदास जी ने कहा कि झूला उत्सव का ऐसा अद्भुत आनंद अयोध्या, वृंदावन, मिथिला आदि धामों में भी दुर्लभ है। इन धामों के झूलोत्सव का सुख लेने लंबी यात्रायें करनी पड़ती हैं धन और खर्च करना पड़ता है प्रतीक्षा करनी पड़ती है लेकिन यहाँ बड़ी आसानी से सहज ही झूलन सुख प्राप्त हो रहा है। महाराज जी ने कहा झूलन उत्सव का दर्शन करने ब्रह्मा, शंकर सहित देवी - देवताओं को पृथ्वी लोक में आना पड़ता है। हम सब क्षेत्रवासी बड़भागी हैं कि हमें सहज ही यह लाभ मिल रहा है। श्री संतोषी लाल पाराशर ने कहा अनंत ब्रह्माण्ड ही एक झूला है जिसमें संसार के सारे जीव झूल रहे हैं।चराचर जगत के समस्त प्राणी माया

केझूलने में झूल रहे हैं। भगवान भक्ति महारानी के साथ झूला झूल रहे हैं। प्राणियों को संसार के झूले का तो दर्शन होता है लेकिन भगवान के झूले का दर्शन उसी को होता है जिस पर भगवान की कृपा होती है। जिस जीव के जीवन में रस नहीं है उसका जीवन ही नीरस है। ऐसे उदासीन का जीवन व्यर्थ है। जीव को तो सच्चे सुख की अनुभूति होती है रसमय रसस्वरूप सीताराम जी के आश्रय में। झूलन का यह सुख जीव को चौरासी लाख योनियों के नारकीय झूलन से बचाता है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में धांधली, खाद्य विभाग मौन !

भिलाई, 31 जुलाई। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद सार्वजनिक वितरण प्रणाली में धांधली की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कहीं सरकार के चावल के ब्लैक मार्केटिंग की शिकायतें हैं तो कहीं राशन वितरण में हेरफेर और नाप-तौल में गड़बड़ी ! अनेक स्थलों पर पात्र हितग्राहियों को राशन समय पर न दिए जाने की शिकायत भी बहुतायत में हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि नियत तिथि पर उन्हें राशन की आपूर्ति नहीं की जाती और घुमाया जाता है। ऐसा ही वाकया श्यामनगर वार्ड-36 में देखने को मिल रहा है। लिंक रोड कैंप- 2 क्षेत्र के एक सामान्य परिवार के हितग्राही ने शिकायती लहजे में तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि राशन देने में हर बार सोसाइटी वाले हील हवाला करते हैं और कहते हैं कि स्टॉक खत्म हो गया है। अनेक बार यहाँ कह कर चलता कर दिया जाता है कि सरकार ने अभी तक चावल नहीं भेजा तो हम क्या करें ! भिलाई, जिला दुर्ग के वार्ड-36 श्यामनगर के दुकान क्र 431004153 के भुक्तभोगी एक हितग्राही महिला ने बताया कि उसे इस माह भी राशन नहीं दिया गया और कहा गया कि राशन का स्टॉक खत्म हो गया है। सवाल यह उठता है कि जब राशन कार्डों के हिसाब से सरकार पर्याप्त चावल की आपूर्ति हो रही है तो वह हितग्राहियों तक पहुँच क्यों नहीं रहा है ? कहाँ खपाया जा रहा है सरकारी चावल ? इस बारे में बताया जाता है कि सोसाइटी वालों की चावल की ब्लैक मार्केटिंग करने वाले ब्लैकमेलरों से सीधी सेटिंग है। चर्चा यह भी है कि खाद्य विभाग के लोग भी इस मामले में मिले हुए हैं और सभी मिलकर गरीबों के राशन को पचा रहे हैं ! उपभोक्ताओं की परेशानी का उन्हें तनिक भी ख्याल नहीं है। कुछ हितग्राहियों ने तो यहाँ तक बताया कि राशन के ब्लैक मार्केटिंग में ऊपर से लेकर नीचे तक बड़ा खेल होता है और लाखों-करोडो के वारे-न्यारे होते हैं ! चाहे जो हो लेकिन गरीबों के साथ जो अन्याय हो रहा है वह इन्हें जरूर भरी पड़ेगा। इससे राज्य सरकार की छवि पर भी विपरीत असर पड़ रहा है और लोगबाग कह रहे हैं कि सभी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं और सब मिलकर खा पचा रहे हैं। आम आदमी की परेशानियों को देखने वाला कोई नहीं।

वर्षा के जन्मदिन के न्यौता भोज में 90 बच्चे हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 31 जुलाई। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केसरा दानीपारा में विद्यालय की छात्रा वर्षा के जन्मदिन के अवसर पर पालक श्री सुखदेव निषाद द्वारा नेवता न्योता भोज के अंतर्गत विद्यार्थियों को पूरक पोषण आहार के रूप में खीर-पूड़ी का वितरण किया । जिसे खाकर विद्यालय में उपस्थित 90 बच्चें आनंदित हों गए।प्रधानपाठक नारायण प्रसाद साहू ने बताया कि न्योता भोजन में पारंपरिक, सामाजिक, सामुदायिक भागीदारी के विभिन्न त्यौहारों, वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व आदि पर समुदाय के सदस्यो द्वारा अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में श्रद्धापूर्वक बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। न्योता भोजन समुदाय और विद्यालय के बीच अपनेपन की भावना, सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने में मददगार है।इस अवसर पर शिक्षक अनकेश्वर प्रसाद महिपाल, हेमंत कुमार सेन, मौसमी सिन्हा, महावीर सिन्हा शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष बेनी राम निषाद , दिलीप निषाद, संतोष निषाद व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। भिलाई दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत देशी मदिरा दुकान का ताला तोड़कर गल्ला सहित लगभग 10 लाख रुपए की चोरी करने वाले आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर बने हुए हैं। कई संदेहियों से पूछताछ के बाद भी पुलिस को मामला सुलझाने में सफलता नहीं मिल पाई है शराब दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज में आरोपी कैद हो चुके हैं। इसके बाद भी मामला अब तक अनसुलझा है उल्लेखनीय है नयापारा में स्थित देसी शराब दुकान का 25 जुलाई की आधी रात को कुछ आरोपियों ने दरवाजे का ताला तोड़कर शराब भट्टी के अंदर प्रवेश किया था इसके बाद वहां पर लगे गल्ले को उखाड़ कर लगभग 10 लाख रुपए की चोरी कर लिए थे घटनास्थल पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी रखी गई हुई थी घटना के बाद से ही पुलिस की टीम लगातार संदेहियों को पकड़कर पूछताछ में लगी है सीसीटीवी फुटेज खंगाल गए थे फुटेज में आरोपी प्रवेश करते हुए नजर आ रहे हैं पुलिस ने कुछ संदेहियों सहित शराब भट्टी में कार्य करने वाले कर्मियों से भी पूछताछ की थी परंतु आरोपियों तक पहुंचने में सफलता नहीं मिल पाई है।

मैत्री बाग में सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए भूमिपूजन

भिलाई, 31 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ग्रिड से जुड़े सोलर पावर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए, बीएसपी और क्रेडा के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को मैत्री बाग में भूमिपूजन किया गया। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने मैत्री बाग में 200 केडब्लूपी सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक शिवराजन, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक विष्णु पाठक, एस. ई. क्रेडा से भानु प्रताप, जिला प्रभारी रवींद्र देवांगन, ए. ई. नितेश बंछोर, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कामड़े, उप प्रबंधक (सीएसआर) कमल वर्मा सहित सीएसआर और टाउनशिप विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। स्विक्सोल सिस्टम्स के प्रांजल पांडेय ने सोलर पावर प्लांट परियोजना के बारे में जानकारी दी। संचालन सहायक अभियंता क्रेडा सुश्री वर्षा बघेल द्वारा किया गया।

शिविर

79 ग्रामीणों ने उठाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ

भिलाई, 31 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 30 जुलाई को ग्राम स्टोर पारा पुरेना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ निशि मिंज, बीपी, शुगर एवं रक्त जांच हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट अशरफ, पंजीयन हेतु शशि भूषण राय व शम्भू दयाल तथा सीएसआर विभाग से बुधेलाल एवं सीआईएसएफ से कमांडेंट आर के वर्मा एवं डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र यादव उपस्थित थे।

टाउनशिप के साथ संयंत्र के भीतर आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए कार्रवाई

भिलाई, 31 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा निरन्तर अवैध कब्जा हटाने, अवैध बैनर पोस्टर हटाने तथा यातायात को सुगम बनाने हेतु आवारा मवेशियों पर नियंत्रण का कार्य जारी है। इसके साथ ही संयंत्र के अंदर भी कुछ आवारा मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। कर्मियों को चोट पहुंचाने वाले पागल सांड को भी पकड़ा गया।

राउरकेला इस्पात संयंत्र की एनफोर्समेंट टीम के सदस्य आये भिलाई

भिलाई, 31 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के एनफोर्समेंट टीम के साथ राउरकेला इस्पात संयंत्र एनफोर्समेंट टीम ने 30 जुलाई को दो घंटे का इंटरेक्शन सेशन रखा था। इस इंटरेक्शन सेशन में, सभी अधिकारियों और इंस्पेक्टर्स सहित इन्फोर्समेंट विभाग द्वारा की जाने वाली विभिन्न कार्यवाहियों जैसे- फंक्शनिंग कैसे की जाती है, क्या-क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है, इस दौरान क्या परेशानियां आती है, कार्यवाही को और आसान तथा बेहतर विधि से कैसे किया जा सकता है, एस्टेट कोर्ट व प्रशासनिक सहयोग के साथ विभिन्न प्रकार के शिकायतों तथा अवैध कब्जा के विविध विषयों पर चर्चा की गई।

रायपुर महापौर ढेबर के एसएसपी को धमकाने के मामले पर हो कड़ी कार्रवाई : सेन

भिलाई, 31 जुलाई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी के महापौर जैसे जिम्मेदारी भरे पद पर आसीन एजाज ढेबर के द्वारा की प्रत्येक क्रिया एवं प्रतिक्रिया पूरे छत्तीसगढ़ समेत सम्पूर्ण भारत देश में प्रसारित हुई है। ढेबर के खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक जनप्रतिनिधि होते हुए ढेबर को खुलेआम रायपुर एसएसपी को धमकी देना एक घृणित और निंदनीय कृत्य है। एजाज ढेबर द्वारा एसएसपी को एफआईआर शून्य न किए जाने पर उनका नाम लिख खुदकुशी करने की धमकी देना पूर्णतः आपराधिक है इसलिए पुलिस प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करना चाहिए ताकि ऐसा दुस्साहस करने वालों को सबक मिल सके। ढेबर का रायपुर एसएसपी? संतोष सिंह को उनका नाम लिख कर खुदकुशी कर लेने की धमकी देते हुए अपने खिलाफ की गई एफआईआर को शून्य करने के दबाव का वायरल वीडियो देश की जनता देख रही है। महापौर का एक लोक सेवक को कार्य में विरत रहने के दौरान इस तरह की धमकी देना कानूनन अपराध है और भारतीय न्याय संहिता की धारा 226 व 351 के अधीन दंडनीय अपराध माना गया है। पुलिस प्रशासन को अविलंब ढेबर के विरूद्ध प्रथम सूचना दर्ज कर कार्यवाही करनी चाहिए। विधायक रिकेश ने कहा कि महापौर एजाज ढेबर द्वारा लोक सेवक के साथ किया गया ऐसा व्यवहार निःसंदेह भारतीय संविधान व कानून की खुली अवहेलना है। महापौर द्वारा किया गया कृत्य घृणित और निंदनीय है ।

शिविर में आवेदन के बाद विधायक ने गुमाश्ता बनवाकर भिजवाया आवेदक के घर

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में मोर संगवारी योजना के तहत घर पहुंच सेवा शुरू हो गई है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने घर पहुंच सेवा के लिए संगवारी को शिविर स्थल से रवाना किया। दरअसल जय जितेन्द्र डेली नीड्स के संचालक ने शिविर में गुमास्ता बनाने आवेदन प्रस्तुत किया था। वार्ड 17 दुर्गा मंच में आयोजित शिविर में आवेदन मिलते ही निगम के अधिकारियों ने आवेदन का निराकरण करते तत्काल घर पहुंच सेवा आरंभ कराया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि अब लोगों को डबल इंजन सरकार घर पहुंच सेवा आरंभ की है। केवल 50 रुपए में यह सुविधा दी जा रही है। संगवारी के माध्यम से राशन कार्ड, जन्म -मृत्यु, विवाह, गुमास्ता जैसे प्रमाण पत्र घर पहुंचाकर दिया जाएगा। इस अवसर पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू, पार्षद रेखा देवी, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, विनय नेताम, धर्मेन्द्र भगत, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, महामंत्री राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

कामधेनु विवि में बकरी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास का दिया प्रशिक्षण

भिलाई, 31 जुलाई। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य के निर्देशन में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा में बकरी पालक किसानों एवं उद्यमियों के विशेष मांग पर बकरी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण कार्यक्रम का तृतीय बैच 6 से 8 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें बकरी पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे छत्तीसगढ़ में बकरी पालन की संभावनाएं, छत्तीसगढ़ की जलवायु के लिए उपयुक्त नस्ले, उनका आवास एवं सामान्य प्रबंधन, भोजन का प्रबंधन, बकरियों में आकस्मिक शल्य चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार, बकरियां में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण, रोकथाम, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार द्वारा बकरी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही ।

शासन की नीति से प्रभावित होकर 2 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 31 जुलाई। जिला कबीरधाम में पुलिस महानिरीक्षक राजनंदगांव रेंज दीपक कुमार झा (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ अभिषेक पल्लव (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छ.ग. शासन की ''पुनर्वास नीति'' के तहत जिला पुलिस बल के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गॉव-गॉव तक किया जा रहा है, साथ ही नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सल गस्त सर्चिंग में वृद्धि हुई है जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है द्यनक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके नक्सल संगठन में सक्रिय दो मओवादिओं ने आज दिनांक 30.07.2024 को पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ अभिषेक पल्लव (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल (रा.पु.से.), उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स संजय ध्रुव, श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, श्री सतीश धुर्वे की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया. माओवादियों का विवरण 1.दिनेश उर्फ लक्ष्मण माडकम उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी पुल्लमपाड थाना चिंतलनार जिला सुकमा छ.ग. (विस्तार प्लाटून नंबर 02/ भोरमदेव एरिया कमेटी- सदस्य)संगठन में धारित हथियार - 12 बोर अपराधिक रिकार्ड ङ्क जिला कबीरधाम में 07 तथा जिला कॅसीजी में 4 अपराध दर्ज हैं.छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्यों में कुल इनाम 10 लाख का इनाम घोषित है।भीमा उर्फ अषोक उर्फ अनिल पिता लच्छ्रू के उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी पुवर्ती थाना जगरगुंडा जिला सुकमा छ.ग. (बटालियन-1 की कंपनी 1 का पीएल-2 का सदस्य) सप्लाई टीम सदस्य) संगठन में धारित हथियार- .303 रायफलछत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्यों में कुल इनाम 15 लाख का इनाम घोषित है।उक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में जिला कबीरधाम के ष्ठस्क्र शाखा में कार्यरत प्र.आर. घनाराम सिन्हा, प्र.आर. अभिजीत सिंह, आर कृपाराम, नव आर राजूलाल यादव, डीएसएफ आरक्षक तथा गो.सै. तीजू एवं दिवाकर तथा सीआरपीएफ उप महानिरीक्षक जगदलपुर रेंज के रेंज फिल्ड टीम व उप पुलिस महानिरीक्षक सुकमा रेंज के रेंज फिल्ड टीम एंव 241 वाहिनी सीआरपीएफ के आसुचना शाखा का संयुक्त प्रयास रहा । हरजिंदर सिंह, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ (परिचालन जगदलपुर रेंज) हरविन्दर सिंह, कमाण्डेन्ट 241 वाहीनी सीआरपीएफ संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 241 वाहीनी सीआरपीएफ और सुरेश सिंह पाएल द्वितीय कमान अधिकारी उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज सुकमा एवं अमरजीत कुमार गुप्ता, उप कमाण्डेन्ट रेंज फिल्ड टीम जगदलपुर का विशेष योगदान रहा । आत्मसमर्पित दोनों माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत् तत्काल 25,000-25,000 रूपये की सहायता राशि प्रदान की गयी ।

भिलाई-चरौदा शिविर में नागरिकों ने मांग और शिकायतों के आवेदन दिए

भिलाई-चरौदा। भिलाई-03 चरौदा निगम द्वारा जन समस्या निवारण पखवाड़ा का तीसरा शिविर मंगलवार 30 जुलाई को गतवा तालाब पार दुर्गा मंच में सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 03 बजे तक जारी रहा। शिविर में वार्ड-11 विद्युत मण्डल वार्ड के पार्षद सह निगम नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, वार्ड-10 शांतिपारा के पार्षद गुरूचरण सिंह वार्ड-08 महामाया पारा के पार्षद गुलमोहर वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विपिन चन्द्राकर, वार्ड-16 बाजार चौक की पार्षद श्रीमती प्रेमलता चन्द्राकर, वार्ड-12 डबरापारा के पार्षद तुलसी राम ध्रुव के साथ इन वार्ड के नागरिकों ने बड़ी संख्या में शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। मांग और शिकायत के संबंध में शिविर में कुल 139 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 72 आवेदनों का शिविर के दौरान ही निराकरण किया गया तथा शेष 67 आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। सफाई से संबंधित 06 प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। जबकि वृद्धा पेंशन के 03 प्रकरण पात्र पाए गये।

एक नजर

सिमगा पुलिस स्टाफ ने घायलों का इलाज कर दिया मानवता का परिचय

सिमगा 31 जुलाई। 30 जुलाई को दोपहर के समय थाना सिमगा में पदस्थ प्रधान आरक्षक दिनेश जांगडे एवं आरक्षक चंद्रिका प्रसाद वर्मा कानून व्यवस्था ड्यूटी में ग्राम मरांकोना की ओर जा रहे थे, कि इसी बीच पुल के पास एक मोटरसाइकिल मैं बैठे कुछ लोग अचानक से मार्ग में मवेशी आ जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस दौरान मोटरसाइकिल में एक बुजुर्ग महिला के साथ कुल 03 लोग सवार थे, जिन्हें हाथ एवं पैर में चोंटे आई थी तथा चोंट से खून भी निकल रहा था। यह स्थिति देख दोनों पुलिस स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचे एवं अपने पास रखे हुए फर्स्ट एड बॉक्स में उपलब्ध चिकित्सा संसाधनों से तीनों घायलों का प्रारंभिक इलाज किया एवं मरहम पट्टी किया। तत्पश्चात तीनों घायलों को तुरंत उचित इलाज हेतु अस्पताल जाने की हिदायत देकर रवाना किया गया।

हत्या के आरोपी बालक को चंद घण्टे में पुलिस ने पकड़ा

डोंगरगढ़ 31 जुलाई। 29 जुलाई के रात्रि करीबन 11:50 बजे भगत सिंह चौक डोंगरगढ़ के पास लड़ाई-झगड़ा व मारपीट होने की पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पुलिस पंहुची जहां एक व्यक्ति खुन से लथपथ पड़ा हुआ मिला जिसे पुलिस तत्काल उपचार हेतु सी0ए0च0सी0 डोंगरगढ़ ले गये जहां डॉ0 द्वारा मृत घोषित कर दिये। बाद घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम को घटना से अवगत कराकर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश अनुसार डोंगरगढ़ के पुलिस घटना के जांच में जुट में गये। घटना के विवेचना दौरान पता चला कि मृतक राजू निषाद पिता मोती निषाद उम्र- 22 साल निवासी गौरा चौक के पास मोहारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को विधी से संघर्षरत बालक द्वारा शराब पीने के लिये डोंगरगढ़ बुलाने पर राजू निषाद अपने गांव के दोस्त भवानी ध्रुव के साथ डोंगरगढ़ आये थे जहां विधि से संघर्षरत बालक के घर में विधि से संघर्षरत बालक द्वारा राजू निषाद को अपनी बहन के साथ प्रेम संबंध होने की शंका पर धारदार कैंची से राजू निषाद के कमर में पेट के पास एवं गाल पास मार दिये जिससे राजू निषाद का मृत्यु हो गया। जिसकी प्रार्थी भवानी ध्रुव के रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र0-417/2024 धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दलेश्वर साहू की साफ नीयत से जनता वाकिफ है:अखिलेश

डोंगरगांव 31 जुलाई। शहर डोंगरगांव कांग्रेस कमेटी के जोन अध्यक्ष अखिलेश नखत ने विज्ञप्ति जारी कर भाजपा नेताओं को आड़े हाथ लिया है।किसी का नाम लिए बिना श्री नखत का आरोप है भाजपा सरकार बनने के बाद से विधायकी हार चुके दोनो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और उनकी टीम के खींचतान में शहर के विकास की गति लगभग आठ महीने से रुक गई है।दोनो नेताओ की टीम विधायक के खिलाफ केवल प्रदर्शन कर अपने अपने नंबर बढ़ाने में लगी है उनके नेता भी अपने सरकार के बयान से हटकर जनता को भ्रमित करने मीडिया में गलत बयान बाजी जारी करने में लगे है। अपने गलत बयान से सिर्फ ये यही सिद्ध कर रहे अकेला विधायक इनकी पूरी सरकार पर भारी पड़ रहा। इन भाजपाइयों को अगर शहर की चिंता होती तो अपने शासन के आठ महीने पर भिन्न भिन्न मुद्दो पर दोषियों पर कार्यवाही करवा चुके होते अधिकारियों को निर्देश जारी कर बिजली,पानी,सड़क यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त करवा चुके होते पर जनता देख रही इन आठ महीनों में हालात कितने बदत्तर हो गए है।आज जनता मान रही हम भाजपा द्वारा भ्रमित हुए।

नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

छुरिया 31 जुलाई। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए ऑन आवेदन पत्र भरने के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। संस्था के प्राचार्य संजय कुमार मंडल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार सत्र 2024-25 के लिए संयुक्त जिला राजनांदगाँव के शासकीय एवं शासन से मान्यता प्राप्त गैर शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन पत्र आगामी 16 सितम्बर 2024 तक आमंत्रित किया गया है। कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को चयनित परीक्षा केन्द्रों में पूर्वान्ह में आयोजित होगी। परीक्षा में बैठने की पात्रता के लिए छात्र- छात्राओं को प्रत्येक कक्षा में पूर्ण सत्र तक अध्ययन किया होना चाहिए। शासकीय एवं शासन से मान्यता प्राप्त गैर शासकीय शालाओं में कक्षा तीसरी एवं कक्षा चौथी लगातार अध्ययन किया हो। विद्यार्थी की जन्मतिथि 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच होनी चाहिए। प्रवेश परीक्षा के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के बेबसाइट 222.ठ्ठड्डा०-स्ड्डश्वड्ड.द्ग०1.ढ्ढ्ढ. पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। संस्था के प्राचार्य श्री मंडल ने संयुक्त जिला राजनांदगाँव के शासकीय एवं शासन से मान्यता प्राप्त गैर शासकीय प्राथमिक शालाओं के कक्षा पांचवी में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं से शत-प्रतिशत ऑन-लाइन आवेदन पत्र भरने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ देश में तेजी से उभरता प्रदेश विकास को नई ऊंचाइयां देंगे:रमेन डेका

पारंपरिक लोकनृत्यों और लोक धुनों के साथ हुआ नए राज्यपाल का स्वागत

रायपुर, 31 जुलाई। प्रदेश के मनोनीत राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रानी डेका काकोटी के छत्तीसगढ़ आगमन पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्टेट हेंगर में आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर मनोनीत राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ विकास के परिदृश्य में तेजी से उभर रहा है। यहां विकास को नये स्तरों पर पहुंचाने हम काम करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त करने के लिए वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को धन्यवाद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच फैसिलिटेटर की भूमिका निभाएंगे ताकि प्रदेश का विकास तेजी से हो। उन्होंने कहा कि वे असम और छत्तीसगढ़ के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए भी काम करेंगे। श्री डेका ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदेश के विकास को लेकर है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर राज्यपाल का अभिवादन किया। साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्य उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल,

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी मनोनीत राज्यपाल का अभिवादन किया। स्टेट हेंगर में मनोनीत राज्यपाल को गार्ड आफ आनर दिया गया। राज्यपाल का स्वागत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्यों सुआ, कर्मा, डंडा और राउत नाचा से किया गया। इस मौके पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन तथा पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मनोनीत राज्यपाल श्री डेका प्रदेश के दसवें राज्यपाल के रूप में बुधवार 31 जुलाई को सवा दस बजे राजभवन के दरबार हाल में शपथ लेंगे। उन्हें यह शपथ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा शपथ दिलाएंगे।

घर में घुसकर चोरी करने वाले, सामान छुपाने में सहयोग करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 31 जुलाई। निवासी ग्राम रामपुर थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनाक 05.07.24 की रात्रि 12:00 बजे से 12:30 बजे के मध्य एक अज्ञात व्यक्ति घर के नीचे सीढ़ी से उपर चढ़ रहा था जो चिल्लाने पर भाग गया। अपने परिजनों के साथ उपर कमरा में जाकर देखा तो कमरा में रखा कम्प्यूटर सेट पुराना इस्तेमाली एवं इसकी लडकी की अंक सूची कक्षा 01 से कॉलेज तक एवं बैंक पास बुक, एटीएम कार्ड, पुराना कपडा तथा नगदी रकम 1000 रू0 जुमला कीमती 11000 रू0 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 286/2024 धारा 331 (4), 305 (ए), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन प्रसाद कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार माल मुल्जिम का पता तलाश किया जा रहा था कि दिनांक 29.07.24. को मुखबीर से प्राप्त सूचना पर संदेही श्रीमान ठाकुर उर्फ भूरू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार कर चोरी के सामान को छुपाने में अपने साथी छत्रपाल विश्वकर्मा उर्फ सोनू की मदद लेना बताने पर दोनो संदेहियों के मेमोरेण्डम कथनानुसार मुख्य आरोपी ओमकार उर्फ भूरू के कब्जे से सैमसंग कंपनी

का मॉनिटर की बोर्ड, पॉवर केबल, होम थियेटर कनेक्टर एवं प्रार्थी के पुत्री का शिक्षण संबंधी मूल प्रमाण-पत्र तथा सह आरोपी छत्रपाल उर्फ सोनू के कब्जे से कम्प्यूटर सी.पी.यू. यू.पी. एस यू. होम थियेटर, पॉवर अडाप्टर एवं महिला संबंधी पुराने इस्तेमाली कपडो को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर प्रकरण में धारा 3 (5) बी एन. एस जोड़ी गई। आरोपी 19 छत्रपाल विश्वकर्मा उर्फ सोनू पिता बृजभान विश्वकर्मा उर्फ तरूण उम्र 23 वर्ष 2. ओमकार ठाकुर उर्फ भूरू पिता आत्माराम ठाकुर उम्र 27 वर्ष दोनों निवासी ग्राम रामपुर थाना लालबाग जिला राजनांदगांव । के विरुध्द धारा सदर का अपराध सबूत पाये जाने से दि0 29.07.2024 को विधिवत् गिरफ्तार किया जाकर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप, सउनि राजू मेश्राम, आरा राजकुमार बजारा, कमलकिशोर यादव, राकेश ठावरे, राकेश धुर्वे, की सराहनीय भूमिका रही।

नगर की समस्याओं को लेकर डोंगरगांव भाजपा ने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 31 जुलाई। डोंगरगाँव शहर के मध्य करोड़ों के लागत से निर्माणाधीन फोर लेन सड़क, पुल, पुलिया के निर्माण तथा नगर पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत 65 लाख की लागत से निर्मित कॉलेज रोड नाली निर्माण कार्य की अमानक निर्माण की गहनता से जॉच को लेकर भारतीय जनता पार्टी मण्डल डोंगरगांव ने माननीय जिलाधीश महोदय को लिखित पत्र सौप कर जांच की तथा नगरवासियों को हो रही असुविधा को तत्काल दुर कर दोषी अधिकारी, कर्मचारी तथा संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की ।

लोक निर्माण विभाग के द्वारा डोंगरगाँव नगर के मध्य स्थित सड़क के चौडी करण पाईप, पुलिया व ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण हेतु शासन द्वारा 1542.82 लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर दिनॉक 12.05.2023 को ठेकेदार लेखराम साहु को कार्य आदेश जारी किया गया था । उक्त कार्य की निर्माण अवधि 12 माह वर्षा काल सहित थी । यह सड़क आज पर्यन्त तक भी अधूरी है और संबंधित ठेकेदार द्वारा अमानक तथा शासन के नियमों के विपरीत निर्माण मंद गति से किया जा रहा है,

सड़क चौड़ीकरण को लेकर भाजपा ने निम्नलिखित बिन्दुओ पर सवाल उठाये है - डीपीआर के अनुसार संबाधित ठेकेदार को सड़क निमाण क्षेत्र में खोदाई कर तैयार गढे मे पहले कामपेक्षन कर जीएसबी फिर डब्लूएमएम के उपरांत बीटी का कार्य किया जाना था। यह कार्य लेयर बाई लेयर कामपेक्षन के उपरांत किया जाना था। परंतु संबधित ठेकेदार द्वारा गढ़ढा खोदाई कर अमानक तरीके से डब्लूएमएम मटेरियल को डालकर सीधे बीटी का कार्य किया गया है । जिससे की सड़क में जगह जगह गढ्ढे हो गये है तथा इन गढ्ढे से आय दिन दुर्घटना घटित हो रही है उक्त सड़क के निर्माण कार्य के पूर्व नाली का निर्माण कार्य किया जाना था जिससे कि नगर का ड्रेनेज सिस्टम से व्यवस्थित रूप से जल निकासी हो सके परंतु ठेकेदार द्वारा आज पर्यन्त तक नाली का निर्माण कार्य प्रारंभ ही नहीं किया गया इससे नगर के उक्त निर्माण क्षेत्र के मध्य अनेक स्थानों पर जल जमाव की स्थिति हो गई है।जिससे आसपास के रहवासियों तथा राहगीरों को भारी असुविधा हो रही है जिससे निर्माणाधीन सड़क को भी नुकसान हो रहा है। उक्त सड़क के निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत पुराने सड़क के बीटी को उखाड़ कर अथवा खरोंच कर नया डामरीकरण न किया जाता सीधे बीटी कार्य किया गया है ।

कलेक्टर ने रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली बैठक में

राजनांदगांव 31 जुलाई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के निवासियों को अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन कराने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा के लिए जिले को 93 यात्रियों को ले जाने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें दो अनुश्क्षक शामिल है। 91 यात्रियों में 75 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र से तथा 25 प्रतिशत शहरी के आधार पर लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यात्रा के लिए निर्धारित आयु सीमा अधिकतम 75 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा यात्रा के लिए पात्रता निर्धारित की गई है, उसी के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को ही यात्रा के लिए चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा के लिए यात्रियों का पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को यात्रा के पूर्व यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अभिषेक गुप्ता, उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर, जिला स्तरीय श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा समिति के सदस्य श्री मूलचंद लोधी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की सुनी समस्याएं

राजनांदगांव 31 जुलाई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। उन्होंने आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में घुमका तहसील के ग्राम करेला उपरवाह निवासी विद्या खिलाड़ी ने अतिवृष्टि के कारण मकान ढ्ढ जाने पर आवास क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन किया। इसी तरह छुरिया विकासखंड के ग्राम डुमरडीह के श्री ज्ञानदास कोटेलंगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत करने के लिए आवेदन किया। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम केसली निवासी श्री महावीर कलार ने ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय प्रति बनाने के लिए आवेदन किया। छुरिया विकासखंड के ग्राम कुमरदा निवासी श्री राजेश गेन्डे ने नया अंत्योदय राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में अवैध कब्जा हटाने, वन भूमि का पट्टा दिलाने, राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से राशि दिलाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचातय सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शंकरपुर शिविर में 163 आवेदन प्राप्त

राजनांदगांव 31 जुलाई। नागरिकों की समस्याओं का वार्ड में ही निराकरण करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक वार्डों में शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में वार्डवासी अपनी समस्या लेकर पहुच रहे है, आज शंकरपुर स्कूल में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये शिविर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित होकर आवेदन दिये। विभिन्न समस्या से संबंधित 163 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, के 43 प्रकरणो का त्वरित निराकरण किया गया। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी शिविर में विभिन्न समस्याओं संबंधी आवेदन ले रहे है। आज के शिविर में संबंधित पार्षदों में लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि श्री मंटू यादव उपस्थित रहे। शिविर में मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गत दिनों मोतीपुर, टाउन हाल, चिखली में आयोजित शिविर में भी वार्डवासी पहुचकर आवेदन लगाये, कुछ आवेदनों का शिविर में ही निराकरण किया गया। कल 31 जुलाई को गौरी नगर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये तथा 1 अगस्त को वार्ड नं. 16,17 व 18 के लिये आम्बेडकर भवन सिविल लाईन में आयोजित किया जायेगा। शंकरपुर में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये आयोजित शिविर में 163 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 1 आवेदन जल विभाग के ,राशन कार्ड के 14, जन्म-मृत्यु के 2, प्रधानमंत्री आवास योजना के 63, लोककर्म के 19, विद्युत विभाग के 1, शहरी आजीविका संबंधित 3, श्रमिक कार्ड 1, आधार पंजीयन 22, आयुष्मान पंजीयन 20 प्रकरण आये, प्राप्त प्रकरणों में 43 का शिविर में निराकरण किया गया, जिसमें 1 श्रमिक कार्ड बनाया गया, 20 आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया तथा 22 आधार कार्ड अपडेट किया गया। शेष आवेदनों राशन कार्ड बनाने, नाम जोडने घटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी के तहत आवास निर्माण, स्व रोजगार हेतु ऋण, नल कनेक्शन, लाईट लगाने तथा रोड, नाली निर्माण संबंधी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जायेगा।

राजस्व अधिकारी होते हैं जनसामान्य के ट्रस्टी:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 31 जुलाई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि ई-कोर्ट अंतर्गत 6 माह एवं एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि अभिलेख दुरूस्तीकरण का कार्य ध्यान केन्द्रित करते हुए करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आम जनता का प्रशासनिक अधिकारियों पर विश्वास है और यह कायम रहना चाहिए। सभी राजस्व अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ अच्छी कार्यशैली के साथ कार्य करें। आम जनता को तकलीफ नहीं होना चाहिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों में त्रुटिपूर्ण आवेदन के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकार्ड में किसी तरह की क्षति, छेड़छाड़ एवं लापरवाही नहीं होना चाहिए। राजस्व अधिकारी जनसामान्य के विश्वसनीय एवं ट्रस्टी होते हैं। ऐसी किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया

जाएगा, यह एक अपराध है। उन्होंने एक अगस्त से प्रारंभ होने वाले गिरदावरी कार्य के संबंध में जानकरी ली। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व पखवाड़ा शिविर के बाद जिला स्तरीय शिविर एवं सभी विकासखंडों में आयोजित राजस्व शिविरों में सीमांकन, नामांकन, बटवारा, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से कब्जा करने एवं अतिक्रमण होने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई होना चाहिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि रकबा में सुधार के लिए बटांकित नंबरों का योग तथा कुल खसरा का योग करते हुए, रकबा का निरीक्षण करें, इससे विवाद की स्थिति नहीं होगी। उन्होंने कब्जा करने वाले व्यक्तियों पर सीमांकन के आधार पर नोटिस जारी करने के लिए कहा। आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त होने वाले आवेदन स्पष्ट अभिमत के साथ आना चाहिए और उसमें प्रमाण भी होना चाहिए। कलेक्टर ने इस दौरान सहारा इंडिया के निवेशकों को तहसीलवार भुगतान की प्रगति, कलेक्टर जनचौपाल में विभागवार ऑनलाईन लंबित आवेदन पत्र, उच्च न्यायालय के निर्देश के पालन हेतु शेष प्रकरण, ई-कोर्ट की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एवं संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री मनोज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

माहेश्वरी ने बाढ़ प्रभावित गांव पहुंच समस्याओं की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा 31 जुलाई। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी द्वारा आज दरचुरा बांध एवं उसके टूटने से ग्राम गणेशपुर आदि में प्रभावित आम जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। प्रशासन सक्रिय तो है लेकिन नियमो के चलते समय पर प्रभावित पक्ष को राहत उपलब्ध नहीं करा पाते।

श्री माहेश्वरी ने आगे कहा कि दरचूरा बांध के टूटने के बाद उसके काम चलाऊ निर्माण कार्य की गति प्रारंभ की गई है लेकिन मजदूर रोजगार गारंटी से लगाया गया है और मटेरियल की व्यवस्था जनसहयोग से किए जाने की जानकारी मिली है। जिससे कार्य की गति धीमी है। जिला कलेक्टर को आपदा के समय डीएमएफ , सीएसआर आदि से स्वीकृति का असीमित अधिकार दिया जाना चाहिए। श्री माहेश्वरी ने आगे कहा कि विगत 10 वर्षों से विभाग के द्वारा शासन के

समक्ष दरचुरा बांध के स्त्रनिर्माण हेतु प्रकरण बनाकर लगातार भेजा जाता रहा है लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने के कारण इन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। मैदानी कर्मचारी भी यदि समय-समय पर निरीक्षण करते तो समय रहते दरचुरा बांध के गेट को खोलकर पानी के दबाव को काम किया जा सकता था और एक अप्रिय घटना से बचा जा सकता था।

ग्राम गणेशपुर में बाढ़ से डूबे मकान और पीड़ितों से मिलने के बाद श्री माहेश्वरी ने शासन प्रशासन से मांग की है कि नदी , नाला के कारण प्रतिवर्ष जो कच्चे घर डुबान में आते हैं उन्हें प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता दी जानी चाहिए । पीड़ितों को तत्काल राशि उपलब्ध कराना चाहिए। डुबान से प्रताडित को दुकान कम से कम 15 दिन के लिए राशन का किट उपलब्ध कराना चाहिए। श्री माहेश्वरी ने फसल क्षतिपूर्ति के संबंध में बताया कि आरबीसी के तहत अधिकतम छै सात हजार एकड़ की राशि फसल क्षतिपूर्ति के रूप में प्राप्त होती है बाद में उन्हें धान बेचने के नाम से मना कर दिया जाता है। इसलिए किसान मजबूरी वश मुआवजा का प्रकरण नहीं बनना चाहते हैं। शासन से मांग है कि मुआवजा प्रकरण बनने के बाद भी सोसायटी में धान बेचने से किसानों को न रोका जाए। श्री माहेश्वरी के साथ प्रमुख रूप से गोलू दिवाकर रोहित बंजारे तामेश्वर पाटेश्वर जलेश्वर बघेल,रोहित साहू,प्रदीप पटेल,बलराम साहू,अर्जुन दिवाकर, गणेशपुर साहू मसीह, हेमरोन मसीह, पावल मसीह, कोदू मसीह, ईलू मसीह,जान सहू,आशीष मसीह,रूपेश मसीह,सोनू मसीह, पाऊलूस मसीह आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

अच्छे वक्ता के साथ प्रेरक होना सोने में सुहागा

अच्छा वक्ता तो बहुत सारे लोग होते हैं। उनको बहुत सारे लोग सुनते हैं, उनको सुनना अच्छा लगता है इसलिए वह बहुत लोकप्रिय भी होते हैं। जब कोई अच्छा वक्ता होने के साथ ही अच्छा प्रेरक भी होता है तो उसे भी बहुत सारे लोग सुनते हैं, उनको सुनना अच्छा लगता है, इसलिए वह बहुत लोकप्रिय भी होते हैं वह अच्छा प्रेरक होते हैं, इसलिए लोग उनसे बहुत प्रभावित भी होते हैं और वह जो कहते हैं, लोग उसे मानते भी है। अच्छा वक्ता होने के साथ अच्छा प्रेरक होना एक दुर्लभ संयोग होता है। एक गुण तो बहुत सारे लोगों में होता है, लेकिन प्रेरक होने का गुण किसी किसी में होता है। किसी नेता में यदि यह दोनों गुम हैं तो अच्छा वक्ता होने के कारण उससे लोग जुड़ते हैं और अच्छा प्रेरक होने के कारण उसकी बात भी करोड़ों लोग मानते हैं। देश के इतिहास में बहुत से नेता हुए हैं, अलग अलग क्षेत्र में कई महान लोग हुए हैं। लेकिन उनमें से बहुत सारे लोग अच्छे वक्ता थे लेकिन पूरे देश को प्रेरणा देने वाले नेता बहुत ही कम हुए हैं। वर्तमान में पीएम मोदी ही एकमात्र ऐसे नेता हैं जो अच्छे वक्ता होने के साथ ही अच्छे प्रेरक भी हैं। वह देश के लोगों को जब भी कोई मौका होता है तो प्रेरित करते हैं। वह कई बार देश के लोगों को कोई ऐसा काम करने को कहते हैं,जिसे करने से देश को, समाज को लाभ ही होता है। पीएम मोदी अच्छे वक्ता हैं, अच्छे प्रेरक हैं, इसलिए देश के हर मीडिया में उनके लाखों करोड़ो फालोवर है,यही वजह है कि देश के साथ विश्व में उनकी लोकप्रियका पिछले दस साल से निरंतर सबसे ज्यादा है। वह हर मीडिया का उपयोग लोगों से जुड़ने के लिए करते हैं,उनको खुद से देश से जोड़ने के लिए करते हैं। रेडियो का उपयोग करना लोग भूल चुके हैं,लेकिन मोदी जानते हैं कि आज भी देश के गांवों में ज्यादा लोग रेडियों का उपयोग करते है, ऐसे लोगों से वह मन की बात कार्यक्रम के जरिए जुड़ते हैं और अपनी बात उन तक पहुंचाकर उनकी बात भी वह सुनते हैं। ऐसे नेता बहुत ही कम होते हैं जो दूसरों तक अपनी बात पहुंचाने के साथ ही उनकी बात भी सुनते हैं। ज्यादात नेता तो ऐसे होते हैं जो चाहते हैं कि किसी तरह उनकी बात लोगों तक पहुंच जाए, वह इस बात को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते हैं कि लोगों की बात उन कैसे पहुंचे, लोगों भी अपनी बात उन तक कैसे पहुंचाए। मीडिया, प्रेस, रेडियो, टीवी चैनल होने के बाद भी पीएम मोदी ही एकमात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने नमो एप बनवाया है जिसके जरिए देश के लोग, पार्टी के लोग उन तक अपनी बात पहुंचा पाते हैं। बहुत सारे मीडिया व मंचों के जरिए पीएम मोदी लोगों तक अपनी बात पहुंचाते हैं तो नमों एप के जरिए देश के लोग उन तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं। यही वजह है कि दूसरे नेता चहां यह जानते नहीं, समझते नहीं हैं कि देश के लोग क्या सोच रहे है,क्या चाह रहे हैं, मोदी को पता रहता है कि देश क्या सोच रहा है, देश क्या चाहता है। यही वजह है कि वह ऐसे काम कर पते हैं जो दूसरा कोई नेता नहीं कर पाता है। वह ऐसे नेता हैं जो पार्टी को हर साल जनाधार बढ़ाकर चुनाव भी जितातें हैं और देश हित में यदि जनता को प्रेरित करना होता है तो प्रेरित भी करते हैं। देश में जब कोराना महामारी फैली थी तो यह वक्त लोगों को कोरोना से बचाने के लिए लोगों को घर में रहने के लिए प्रेरित करने था तो पीएम मोदी ने लोगों से कहा कि वह घर में रहे और लोगों ने उनकी बात मानी, इस वजह से देश में कोराना से बहुत ज्यादा लोगों को कोरोना नहीं हुआ और बहुत ज्यादा लोग की मौत भी नहीं हुई थी। इसी तरह उन्होंने कोरोना के समय डाक्टरों के सम्मान के लिए घर में दीप जलाने को कहा था तो पूरे देश के लोगों ने दीप जलाकर डाक्टरों का सम्मान किया था। इसी तरह अयोध्या में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के समय लोगों से मंदिरों की सफाई व घरों में दीप जलाने को कहा था देश भर के लोगों ने घरों में दीप जलाए थे।यही नहीं देश में आज खादी की बिक्री पहले से कई गुना हो रही है तो इसका श्रेय भी पीएम मोदी को जाता है,वह हर साल राष्ट्रीय त्यौहार पर लोगों को खादी करने के लिए प्रेरित करते हैं। हर साल लोग पीएम मोदी के प्रेरित करने पर पहले से ज्यादा खादी खरीदते हैं। इससे देश में खादी की बिक्री बढ़ी है, खादी का उत्पादन बढ़ा है तथा खादी उद्योग में पहले से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। यही नहीं मोदी देश में शादी करने, देश के पर्यटन, तीर्थ स्थलों पर जाने के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। इससे भी देश व देश के लोगों को फायदा होता है।

धर्म

ललित गर्ग

सावन मास का महत्व एवं शिव की शरण



सावण मास को मासोत्तम मास कहा जाता है। सावण मास अपना एक विशिष्ट महत्व रखता है। यह माह अपने हर एक दिन में एक नया सवेरा दिखाता। इसके साथ जुडे. समस्त दिन धार्मिक रंग और आस्था में डूबे होते हैं। इस माह की प्रत्येक तिथि किसी न किसी धार्मिक महत्व के साथ जुड़ी हुई होती है। शास्त्रों में सावन के महात्म्य पर विस्तारपूर्वक उल्लेख मिलता है। श्रवण नक्षत्र तथा सोमवार से भगवान शिव शंकर का गहरा संबंध है। इस मास का प्रत्येक दिन पूणर्ता लिए हुए होता है। धर्म और आस्था का अटूट गठजोड़ हमें इस माह में दिखाई देता है। इसका हर दिन व्रत और पूजा पाठ के लिए महत्वपूर्ण रहता है। देवों के देव शिव की भक्ति के लिये सावण मास का विशेष महत्व है। शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते है। इसलिए यह समय भक्तों और साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। इस समय सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं और वे समाज उपेक्षितों, भक्तों एवं पीड़ितों की सहायता करते हैं।

सावन मास की अनेकानेक विशेषताएं एवं अलौकिकताएं हैं। मनीषियों का कहना है कि समुद्र मंथन भी श्रावन मास में ही हुआ। इस मंथन से 14 प्रकार के तत्व निकले। उसमें एक कालकूट विष भी निकला, उसकी भयंकर ज्वाला से समस्त ब्रह्माण्ड जलने लगा। इस संकट से व्यथित समस्त जन भगवान शिव के पास पहुंचे और उनके समक्ष प्रार्थना करने लगे, तब सभी की प्रार्थना पर भगवान शिव ने सृष्टि को बचाने हेतु उस विष को अपने कंठ में उतार लिया और उसे वहीं अपने कंठ में अवरूद्ध कर लिया। इस प्रकार इनका नाम नील कंठ पड़ा। इसके बाद देवताओं ने भगवान शिव को जहर के संताप से बचाने के लिए उन्हें गंगाजल अर्पित किया। इसके बाद से ही शिव भक्त सावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। ज्योतिर्लिंगों का दर्शन एवं जलाभिषेक करने से अश्वमेध यज्ञ के समान फल प्राप्त होते हैं तथा शिवलोक की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है। इन दिनों में अनेक प्रकार से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है जो भिन्न-भिन्न फलों को प्रदान करने वाला होता है। जैसे कि जल से वर्षा और शीतलता की प्राप्ति होती है। दूध अभिषेक एवं घृत से अभिषेक करने पर योग्य संतान की प्राप्ति होती है। ईख के रस से धन संपदा की प्राप्ति होती है। कुशोदक से समस्त व्याधि शांत होती है. दधि से पशु धन की प्राप्ति होती है और शहद से अभिषेक करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।इसके अतिरिक्त एक अन्य कथा के अनुसार, मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। इस महीनें में गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, पंचाक्षर मंत्र इत्यादि शिव मंत्रों का जाप शुभ फलों में वृद्धि करने वाला होता है और जीवन रक्षक माना गया है। भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का एक अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत आर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है।

भगवान शिवशंकर करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमान हैं। जिनके ललाट पर चन्द्रमा शोभायमान है। नीले कण्ठ वाले, अभीष्ट वस्तुओं को देने वाले हैं। तीन नेत्रों वाले यह शिव, काल के भी काल महाकाल हैं। कमल के समान सुन्दर नयनों वाले अक्षमाला और त्रिशूल धारण करने वाले अक्षर-पुरुष हैं। यदि क्रोधित हो जाएं तो त्रिलोक को भस्म करने के शक्ति रखते हैं और यदि किसी पर दया कर दें तो त्रिलोक का स्वामी भी बना सकते हैं। यह भयावह भव सागर पार कराने वाले समर्थ प्रभु हैं। भोले नाथ बहुत ही सरल स्वभाव, सर्वव्यापी और भक्तों से शीघ्र ही प्रसन्न होने वाले देव हैं। उनके सामने मानव क्या दानव भी वरदान मांगने आये तो उसे भी मुंह मांगा वरदान देने में वे पीछे नहीं हटते हैं।भगवान शिव के प्रति जन-जन की भक्ति और निष्ठा, उनका समर्पण और उनकी स्तुति अनायास नहीं है, बल्कि भक्तों ने शिव की भक्ति में वह सब कुछ पाया है, जो उन्होंने चाहा है। यह उस अनादिअनंत, शांतस्वरूप पुरुषोत्तम शिव की भक्ति और वंदना का ही परिणाम है कि व्यक्ति अपनी परेशानियों, असाध्य बीमारियों से उभरकर स्वस्थ बन जाता है, अपने भौतिक जीवन में हर कामनाओं को पूर्ण होते हुए देखता है। वस्तुतः अपने विरोधियों एवं शत्रुओं को मित्रवत बना लेना ही सच्ची शिवभक्ति है। जिन्हें समाज तिरस्कृत करता है उन्हें शिव गले लगाते हैं। तभी तो भक्त भगवान शिव की शरण आकर निश्चिंत हो जाता है, तभी तो अछूत सर्प उनके गले का हार है। अधम रूपी भूत-पिशाच शिव के साथी एवं गण हैं। शिव सच्चे पतित पावन हैं। उनके इसी स्वभाव के कारण देवताओं के अलावा दानव भी शिव का आदर करते हैं और भक्ति करते हैं। समाज जिनकी उपेक्षा करता है, शंकर उन्हें आमंत्रित करते हैं। ऐसे पालक रुद्रदेव की शरण में भक्त स्वयं को निश्चिंत, सुखी, समृद्ध महसूस करता है।

हर व्यक्ति शिव की स्तुति एवं भक्ति करते हुए अपने जीवन को सार्थक मानता हैं, क्योंकि भगवान शिव अपने भक्तों को बहुत फल देने वाले हैं, उनकी हर मनोकामना को पूरा करने वाले हैं।

जो अनुपम ऐश्वयर्शाली होते हुए भी गजचमर्धारी हैं, अर्ध शरीर में पत्नी को धारण करने पर भी सांसारिक विषयों से मन को विरक्त किए हुए हैं और यतियों में अग्रगण्य हैं, जो अपने अष्ट रूपों से संपूर्ण जगत का पालन करते हुए अभिमानयुक्त नहीं हैं, निराभिमानी हैं, वे हमें श्रेष्ठ मार्ग को दिखाने के लिए हमारी तामसीवृत्ति को मिटाते हैं, हमारी बुराइयों को दूर करते हैं। भगवान शिव जटारूपी वन से निकलती हुई गंगाजी की गिरती हुई धाराओं से पवित्र किए गले में सर्पों की लटकती हुई विशाल माला को धारण कर, डमरू के डम-डम शब्दों से मंडित प्रचंड तांडव नृत्य कर इस संसार की आसुरी शक्तियों को ललकारते हैं, वे शिव हम सबका कल्याण करते और हमारी जीवन सृष्टि को उन्नत एवं खुशहाल बनाते हैं। भगवान शिव इस संसार के पालनहार हैं, उनके एक हाथ में वर, दूसरे हाथ में अभय, तीसरे हाथ में अमृत कलश और चौथे हाथ में त्रिशूल है। आपकी कृपा चाहने वाले कोई भक्त आपके ह्यवरह्व के पात्र बनें, कोई भक्त ह्यअभयह्व के पात्र बनें और कोई हाथ में स्थित घनीभूत ह्यअमृतह्व के पात्र बनें और ऐसी पात्रता हर शिव भक्त में उमड़े और शिव भक्ति का एक प्रवाह संपूर्ण संसार में प्रवहमान बने, यही इस संसार और सृष्टि का उन्नयन और उत्थान कर सकती है।भारतीय संस्कृति की भांति शिव परिवार में भी समन्वयकारी गुण दृष्टिगोचर होते हैं। वहां जन्मजात विरोधी स्वभाव के प्राणी भी शिव के प्रताप से परस्पर प्रेमपूर्वक निवास करते हैं। शंकर का वाहन बैल है तो पावर्ती का वाहन सिंह, गणेश का वाहन चूहा है तो शिव के गले का हार सर्प एवं कार्तिकेय का वाहन मयूर है। ये सभी परस्पर वैरभाव को छोड़ कर सौहार्द एवं सद्भाव से रहते हैं। शिव परिवार का यह आदर्श रूप प्रत्येक परिवार एवं समाज के लिये प्रेरक है। भगवान शिव जन-जन की रक्षा करते हैं, भक्तों की रक्षा करते हैं। वे देवताओं में श्रेष्ठ, सर्वेश्वर, संहारकर्ता, सर्वव्यापक, कल्याणरूप, चंद्रमा के समान शुभ्रवर्ण हैं, जिनकी गोद में पावर्ती, मस्तक पर गंगा, ललाट पर बाल चंद्रमा, कंठ में हलाहल विष और वक्ष स्थल पर सपर्राज शोभित हैं, वे भस्म से विभूषित हैं। जो जगत का भरण करते हैं पर स्वयं भिक्षु हैं, जो सब प्राणियों को निवास देते हैं परंतु स्वयं गृहहीन हैं, जो विश्व को ढकते हैं परंतु स्वयं नग्न हैं। मान्यता है कि भगवान शिव अपने भक्तों की भक्ति को बहुत मान देते हैं। क्षीर समुद्र का दान करने वाले शिव अपने भक्तों द्वारा दिए गए दुग्ध बिंदु को ग्रहण कर लेते हैं। तीन नेत्रों में सूर्य, चंद्र और अग्नि को धारण करते हुए भी आप भक्तों द्वारा दिए गए दीपक को स्वीकार कर लेते हैं। वाणियों के उत्पत्ति स्थान होते हुए भी अज्ञानी भक्तों की वाणियों (स्तुतियों) को सुन लेते हैं। विनीतों, भक्तों के आग्रह से आप क्या-क्या नहीं करते।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको सहयोग मिलेगा। पहले शुरू किये गये ज्यादातर काम आज पूरे होंगे। रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। साथ ही आज धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। संतान की ओर से सुख मिल सकता है। कोई गोपनीय बात आपको पता चल सकती है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आपको राहत मिलेगी। कुल मिलाकर आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं। अगर आपको कोई समस्या है तो जल्द ही उसका समाधान आपको मिल जायेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं का सम्मान करेंगे, जिससे रिश्ते में मधुरता आयेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको किस्मत का साथ मिलने से कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के जो लोग मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है। जीवन में चल रही सभी परेशानियां जल्द दूर होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं, उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं।

तुला राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे। इस राशि के जो लोग पेंटिंग्स बनाने का काम करते हैं उनकी कोई पेंटिंग बड़े एक्सिबिसन में लगाई जा सकती है जहाँ लोगों द्वारा खूब सराहना मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कृरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। मेहनत और लगन देखकर आज आपके जूनियर आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए इससे आप स्वास्थ्य समस्या से दूर रहेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने मन की बात किसी खास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। कोई नई स्किल सीख सकते हैं जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। आज आप आर्थिक मामलो मे किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी। ऑफिस में रुके हुए काम को समय से पूरा कर लेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। जो लोग रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे हैं वो लोग नया हाउसिंग प्रोजेक्ट लांच कर सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आज आपको माता-पिता का मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिज़नस में फायदा करायेगा। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ होगी। पारिवारिक माहौल शानदार रहने वाला है।

डेका ने एबीवीपी से शुरू की थी राजनीति

छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल रमेन डेका ने छात्र राजनीति से राज्यपाल बनने तक का सफर पूरा किया है। उन्होंने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों के सलाहकार की भूमिका भी निभाई। राज्यपाल मनोनीत होने के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचे डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ विकास के परिदृश्य में तेजी से उभर रहा है। यहां विकास को नए स्तरों पर पहुंचाने के लिए हम काम करेंगे।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त करने के लिए वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद व्यक्त करते हैं। वह केंद्र और राज्य के बीच फैसिलिटेटर की भूमिका निभाएंगे ताकि प्रदेश का विकास तेजी से हो।

उन्होंने कहा कि वह असम और छत्तीसगढ़ के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए भी काम करेंगे। डेका ने कहा कि उनकी सवोच्च प्राथमिकता प्रदेश के विकास को लेकर है। डेका छत्तीसगढ़ में बिश्वभूषण हरिचंदन की जगह राज्यपाल बने।

गौरतलब है कि डेका 2009 में असम की मंगलदोई सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर पहली बार 15वीं लोकसभा के लिए सांसद चुने गए। वह 31 अगस्त 2009 से मई 2024 तक गृह मामलों की स्थायी समिति में सदस्य रहे।

एक मई 2010 को वह सदस्य लोक लेखा समिति, भारत भूटान संसदीय मैत्री समूह सदस्य, अधीनस्थ संविधान समिति सदस्य, सदन की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति सदस्य, परामशर्दात्री समिति, पूवोत्तर क्षेत्र विकास और खान मंत्रालय के सदस्य रहे। इसके बाद 16वीं लोकसभा के लिए 2014 में मंगलदोई लोकसभा सीट से दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुए। इस दौरान वह सदस्य परामशर्दात्री समिति, विदेश मंत्रालय और प्रवासी भारतीय कार्य मंत्रालय सदस्य, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत केंद्रीय सलाहकार समिति सदस्य, भारत चीन संसदीय मैत्री समूह सदस्य, चाय बोर्ड के सदस्य रहे। 1 सितंबर 2014 से 31 अगस्त 2018 तक गृह मामलों की स्थायी समिति के सदस्य रहे। 29 जनवरी 2015 को सामान्य प्रयोजन समिति सदस्य बने। 3 जुलाई 2015 को उप समिति और अनुमान समिति सदस्य बने। 1 सितंबर 2018 को विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति के सदस्य बने।

दर्शनशास्त्र और अथशर्स्त्र में की पढ़ाई- एक मार्च 1954 को असम के सुआलकुची, कामरूप में जन्मे डेका के पिता का नाम स्व. सुरेंद्र नाथ डेका और माता का नाम स्व. चंपाबती डेका था। उन्होंने स्नातक की बीए की डिग्री दर्शनशास्त्र और अथशर्स्त्र विषय में प्राग्ज्योतिष कालेज, गुवाहाटी विश्वविद्यालय गुवाहाटी असम से हासिल की। उनका पेशा व्यापार है।

असम में भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे- डेका भारतीय जनता पार्टी के लिए असम में एक तरह से संस्थापक सदस्य के रूप में रहे हैं। असम में उन्होंने पार्टी के लिए कई पदों पर काम किया। 1980 में संस्थापक सदस्य भाजपा, 2005 में प्रवक्ता भाजपा, 2006 में असम का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। वह राज्य महासचिव, भाजपा राज्य उपाध्यक्ष, भाजपा महासचिव, भाजपा उत्तर पूर्व समन्वय परिषद और राष्ट्रीय परिषद सदस्य, राष्ट्रीय कायर्कारी समिति और प्रभारी मेघालय प्रदेश भाजपा बने। लगातार दो बार सांसद रहे डेका वतर्मान में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव का दायित्व संभाल रहे थे। डेका ने भाजपा की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की थी। इसके बाद पूर्वांचल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महासचिव, होलसेल जनरल मर्चेंट्स एसोसिएशन के महासचिव, नार्थ ईस्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के सलाहकार जैसे दायित्वों को निभा चुके हैं। वहीं, 1974 से 1975 तक गुवाहाटी विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य रहे।

गंभीर मुद्दा

निर्मल रानी

क्यों हो रहा रेल परिचालन फेल ?

गत 30 जुलाई को सुबह सुबह क़रीब पौने चार बजे एक और रेल हादसा दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन के तहत पेश आया। झारखंड के जमशेदपुर से 80 किलोमीटर दूर सरायकेला-खरसावां जिले में बंबू नामक स्थान पर मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में दो रेल यात्रियों की मौत हो गयी व 20 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। पूर्व में हो रहे अन्य रेल हादसों की ही तरह इस रेल दुर्घटना की भी जांच के आदेश दे दिए गये हैं। यह भी खबर है कि इसी दुर्घटनास्थल के पास में ही एक मालगाड़ी भी पटरी से उतर गई थी। लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि क्या इन दोनों ट्रेंस की दुर्घटनाएं एक साथ हुई थीं या आगे पीछे। बुलेट ट्रेन की दुनिया में प्रवेश करने व विश्व की आधुनिकतम रेल सेवाओं का दावा करने वाली भारतीय रेल को गत 13 दिनों के भीतर ही 7 रेल दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ा है। निश्चित रूप से इस तरह से आए दिन हो रही रेल दुर्घटनाएँ बेहद चिंता का विषय हैं। जाहिर है इस तरह की लगातार होने वाली दुर्घटनाओं के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार रेल संचालन में सुरक्षा व्यवस्था के लिये किये जाने वाले जरूरी क़दम उठा भी रही है अथवा नहीं ? लगातार हो रहे इतने हादसों के बाद रेल यात्रियों में भारतीय रेल व्यवस्था के प्रति असुरक्षा व अनिश्चितता का भाव पैदा होना भी स्वाभाविक है। झारखण्ड में गत मंगलवार की अलस सुबह हुये मुंबई-हावड़ा मेल के हादसे से एक ही दिन पहले 29 जुलाई को समस्तीपुर-मुजफ़्फरपुर रेलखंड पर दरभंगा से दिल्ली जा रही 12565 बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन, कपलिंग टूटने के कारण दो हिस्सों में बंट गई थी। इस रूट पर आ रही अन्य ट्रेन्स को तत्काल रोकने का आदेश दिया गया ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। उससे पहले 21 जुलाई को दो ट्रेन हादसे हुये। पहला ट्रेन हादसा राजस्थान के अलवर में हुआ जहां यार्ड से निकली मालगाड़ी के तीन डिब्बे पलट गये। इसके कारण अलवर मथुरा ट्रैक बाधित हुआ। दूसरा हादसा 21 जुलाई को ही पश्चिम बंगाल के रानाघाट में हुआ। यहाँ भी एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है। इस हादसे के कारण भी इस रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ है। और इसके एक दिन पूर्व यानी 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश के ग़ाज़ियाबाद-मुरादाबाद सेक्शन के बीच अमरोहा में कंटेनर से भरी ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके कारण दिल्?ली-लखनऊ रेलवे लाइन की दोनों लाइनें बंद करनी पड़ीं और दोनों और का रेल यातायात प्रभावित हुआ। इसी तरह 19 जुलाई को गुजरात के वलसाड-सूरत स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण इस रेल मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हुआ। इत्तेफाक़ से मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई थी जबकि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिमी रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा सहित रेल संबंधी अन्य विषयों का निरीक्षण कर रहे थे। इस दुर्घटना से भी एक दिन पूर्व अर्थात 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश के गोंडा में एक बड़ा रेल हादसा हुआ जबकि गोरखपुर जा रही चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 17 बोगियां बेपटरी हो गयीं। परिणामस्वरूप 5 बोगियां पलट गईं। इस दुर्घटना में 4 यात्री की मौत हो गई थी और दजर्नों घायल हो गए थे। मात्र जून और जुलाई 2024 में हुई केवल तीन दुर्घटना में कुल मिलाकर 17 यात्रियों की जान चली गई और 100 लोग घायल हो गए। इसके अलावा भी गत एक वर्ष के ही दौरान कई भीषण रेल दुर्घटनाएं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के ही कार्यकाल में होती रही हैं। परन्तु इस बार राजग 3 के कायर्काल में भी अश्विनी वैष्णव को ही रेल मंत्रालय का जिम्मा सौंपने का सीधा अर्थ है कि प्रधानमंत्री, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिछले कायर्काल की उनकी कारगुजारियों से संतुष्ट थे। जबकि हक़ीक़त यह है कि अश्विनी वैष्णव के कायर्काल में रेल यात्रियों को सुख सुविधा मिलने के बजाये उन की परेशानियों में इजाफा ही हुआ है। आये दिन होने वाली छोटी बड़ी दुर्घटनाओं को केवल जान व माल की क्षति के आधार पर ही आंकना काफी नहीं है। बल्कि दुर्घटनास्थल पर होने वाले व्यवधान के चलते जो मार्ग परिवर्तन किये जाते हैं और उसके कारण जिन लाखों यात्रियों को परशानियों व नुक़सान का सामना करना पड़ता है, भारी राजस्व की क्षति होती है, उसका तो कोई आंकड़ा ही नहीं होता। जिन देशों में भारत का 'डंका' बजना प्रचारित किया जाता है वहाँ जब इन आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं की खबर प्रसारित होती होगी तो भारतीय रेल व्यवस्था का कैसा डंका बजता होगा, सरकार ने कभी इस बारे में भी सोचा है ?

इन हादसों से रेल यात्रियों को होने वाली परेशानी के अलावा भी रेल मंत्रालय की अनेक नीतियों के चलते भी इन दिनों रेल यात्रा करना बेहद मुश्किल हो गया है। देश की अनेक ट्रेन्स में ए सी कोच की संख्या बढ़ाकर सामान्य कोच की संख्या घटा दी गयी है। कई इंटरसिटी गाड़ियों में बिना जरुरत के स्लीपर कोच लगाये गए हैं और उनमें भी सामान्य कोच की संख्या घटा दी गयी है। उदाहरणार्थ 14712 /11 नंबर की गंगानगर - ऋषिकेश -गंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन को समाप्त कर उसकी जगह 14815 /16 बाड़मेर -ऋषिकेष एक्सप्रेस के नाम से उसी समय सारिणी के अनुसार एक ट्रेन चलाई गयी है जिसमें

बाढ़-बारिश के बीच सुकमा जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 31 जुलाई। रोज आकर लगाते हैं लाइन लगभग दो ढाई सौ की संख्या में मगर मात्र 30 40 लोगों को मिल रही है एलपीजी गैस सिलेंडर। सुकमा जिला के गांव से लेकर शहर में रहने वाले जनता हुई परेशान दुर दराज से आकर लगातार खाली हाथ वापस जाना आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक नुकसान।कई घरों के सिलेंडर पड़े हैं खाली यहां तक की खाना पकाने तक के लिए करनी पड़ रहा है मशक्कत लगभग सप्ताह भर से किसी अज्ञात कारण से नहीं आ पा रहा है सिलेंडरों की गाड़ियां। बारिश के मौसम में आवागमन कहीं बंद पड़े हैं रोड तो कहीं रोड की खराब स्थिति से ग्रामीण हो रहे हैं परेशान उसके बावजूद भी अगर अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए जिला मुख्यालय आ भी जा रहे हैं।

निराश होकर जाना पड़ रहा वापस।सुकमा जिला मुख्यालय से लेकर गांव की जनता में काफी रोस।दैनिक जीवन में जीवन जीने के लिए जिस प्रकार हर वस्तु का होना जरूरी है उसी प्रकार आज एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी कहीं ना कहीं एक अभिश्राप बन गया है सुकमा जिला वासियो के लिए। और आने वाले समय में इस प्रकार की व्यवस्था रही तो फिर स्थिति और गंभीर होने वाली है शासन जिला प्रशासन से उम्मीद करते हैं की खबर प्रकाशित होने के बाद जो भी संभव मदद हो सके वह करने का प्रयास करें ।

जनहित में प्रयास करें और भी नई कंपनियां सिलेंडरों के लगाने का।

राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर

सुकमा, 31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री हरिस.एस ने कहा कि राजस्व संबंधी मामले आम नागरिकों के हितों से सीधा जुड़ा है। इसलिए राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में उचित निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व प्रकरणों का निराकरण हेतु तत्परता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्धारित समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित की जा सके। साथ ही समय सीमा से बाहर के प्रकरणों को दस दिवस के भीतर में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम वेरमामोड़ से पालामढ़गू की दूरी लगभग 35 किमी है, वहां के ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शीघ्र लाभ दिलाने नजदीकी पंचायत में जोड़ने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर द्वारा मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में शासन की योजनाओं सहित विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने सामान्य भविष्य निधि और एरियर्स सम्बन्धी प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के संबंध में उचित मार्गदर्शन देने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में संचालित संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी ब्लॉक कोंटा में स्वायल हैल्थ कार्ड को लक्ष्य के अनुरूप स्वायल टेस्ट कर शत-प्रतिशत कार्ड वितरण करने के निर्देश दिए। साथ ही संपूर्णता अभियान के मानकों को शत् प्रतिशत की दिशा में जोर देने को कहा। उन्होंने जिले में व्यक्तिगत पारिवारिक शौचलय के लंबित भुगतान जल शक्ति अभियान कैच द रैन के अंतर्गत जल शक्ति केंद्र, जीआईएस मैपिंग कार्य के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने माओवाद पीड़ित व्यक्तियों एवं आत्मसमर्पित माओवादियों को सुरक्षा एवं पुनर्वास नीति के अन्तर्गत भूमि चिन्हांकन कर आबंटन करने कहा। कलेक्टर ने नवीन पीडीएस भवन में राशन का भण्डारण कर शीघ्र ही संचालन हेतु एक माह के भीतर आबंटन करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने खाद्य विभाग द्वारा पीडीएस भवन आबंटन में कोताही बरतने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। सभी एसडीएम और फूड अधिकारियों को समय में पोर्टल ऑनलाइन एंट्री करने और शासकीय उचित मूल्य की दूकान में निर्धारित माह का भंडारण, उसी माह में वितरण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारों को दिए तहसील प्रभार का कार्यालय में उपस्थित होकर कर्तव्यों का निर्वहन करने कहा, ताकि लोगों के राजस्व से संबंधित प्रकरण सहित तहसील में अन्य कार्यों का निराकरण समय पर हो।

एक नजर

भाजपा की गरीब विरोधी नीतियों के चलते प्रदेशवासी पीएम आवास से वंचित:राशि

महासमुंद। भाजपा सरकार के गरीब विरोधी नीतियों के चलते राज्य के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। केंद्रीय मंत्री का राजनीति से प्रेरित निराधार आरोप है कि पूर्व के कांग्रेस सरकार की नीतियों के चलते प्रदेश के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिला। उक्त बातें नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही।

नपाध्यक्ष महिलांग ने कहा कि छग में भूपेश सरकार के समय केंद्र की सरकार ने राज्य के सात लाख आवासों को निरस्त किया था। निरस्त करने का मुख्य कारण राज्यांश देरी से जमा होने बताया गया। जबकि, राज्य ने 800 करोड़ रुपए राज्यांश के रुप में जमा किया था व उसे केंद्र की सरकार से विभिन्न मदों से 50 हजार करोड़ रुपये लेनदारी थी। यह आवास आबंटन विभिन्न राज्यों में भी निरस्त किए गए थे। तत्कालीन भूपेश सरकार ने नए सिरे से अपने व्यय से नए सिरे से आवासों की स्वीकृति प्रदान की थी। वर्तमान भाजपा सरकार ने अपने 7 माह के कार्यकाल में एक भी नए आवासों की स्वीकृति नहीं दी है। विधानसभा के प्रश्नों के जवाब में उपमुख्यमंत्री साव ने सदन को बताया है कि 6 महीनों में केंद्र ने राज्य को प्रधानमंत्री आवास के लिए कोई भी स्वीकृति प्रदान नहीं की है। श्रीमती महिलांग ने मांग की केंद्र सरकार के 18 लाख आवासों की स्वीकृति के दावों में राज्य के आवास हितग्राहियों में कितने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास प्रदान हुआ है? व उनके नाम सूची सार्वजनिक किए जाए।

युदीता का प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ चयन

महासमुंद। स्थानीय वृंदावन विद्यालय इग्लिश मीडियम हाईस्कूल की छात्रा युदीता साहू पिता कोमल साहू का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है।

जिसकी सूची 25 जुलाई गुरूवार को जारी की गई है। इसमें छात्रा युदीता साहू ने अपना स्थान बनाया है। संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन एचं संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने हर्ष जताते हुए विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सच्चे मन से परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निर्माण से ग्रामीणों को मिला रोजगार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 31 जुलाई । जिले के विकासखण्ड छिन्दगढ अंतर्गत ग्राम पंचायत कोडरीपाल-2 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का संचालन स्व-सहायता समूह (गंगा मैया) के द्वारा किया जा रहा है। उक्त स्व सहायता समूह के 25 सदस्य महिलाएं इसे संचालित कर आजीविका एवं स्वरोजगार का साधन बना चुकी हैं। मनरेगा कार्यक्रम से स्थानीय समुदाय को होने वाले लाभों का एक अच्छा उदाहरण है। जहां कुल जॉब कार्ड संख्या 301 है एवं सक्रिय मजदूर संख्या 458 है। मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत कोडरीपाल-2 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र 132.25 वर्ग मीटर पर करीब 04 लाख 28 हजार रुपए की लागत से बना है। मनरेगा से निर्मित इस संरचना के सम्बंध में आजीविका एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, स्वच्छता कम्पोस्ट खाद के लिए कोडरीपाल-2 मांझीडीह के लोगों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र से होने वाले लाभों के बारे में पूर्ण जानकारी का अभाव था। जिसके कारण लोग घरेलू कचरे और स्थानीय स्तर पर सामुदायिक कचरे को लोगों द्वारा नदी (गुरटीनाला) में डाल दिया जाता था।

जिससे नदी का जल प्रदूषित हो जाता था। लोगों को शेड का उपयोग कराने एवं कचरे को एकत्रित करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्यान्वयन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गांव के बुजुर्ग महिलाएं और मजदूरी के इच्छुक ग्रामीणों ने एक साथ बैठक की और एक आम सहमति बनाई। मांझीडीह के जॉब कार्डधारक 50 श्रमशक्ति संघ बनाने के लिए आगे आए हैं सभी ग्रामीणों को मनरेगा पदाधिकारियों के द्वारा गांव में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण कार्य एवं उससे होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दिया गया।स्व-सहायता समूह (गंगा मैया) के सदस्य बताते हैं कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण के लाभों के बारे में अनभिज्ञ थे। फिर हमें स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय मिशन टीम के द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण के लाभ एवं पर्यावरण, स्वच्छता के बारे में जानकारी दिया गया। जिसके पश्चात हमारे द्वारा अपने पारा मांझीडीह में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। जिसके कारण हमारे आय में अभी वृद्धि हो रही है। हितग्राही रामनाथ नाग कहते हैं कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण का कार्य होने से ग्राम पंचायत कोडरीपाल 2 के मांझीडीह पारा के लोगों को रोजगार मिला है एवं स्व-सहायता समूह के दीदियों को स्वरोजगार का जरिया मिल गया है। ग्रामीण बताते है कि विश्लेषण से पहले और बाद में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण के पूर्व कचरे को सीधे नाले में डाल दिया जाता था, जिससे नाला प्रदूषित हो रहा था एवं कचरे के निपटारा के लिए कोई सुविधा नहीं था परन्तु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र के निर्माण होने से कचरे का निपटान अच्छे किया जा रहा है। समूह को आय वृद्धि एवं स्व-रोजगार मिला है।

कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा लोगों को बताया जा रहा एवं उसके लाभ एवं उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छिन्दगढ़ श्री प्रफुल कुमार गुप्ता, सहायक परियोजना अधिकारी अखिलेश राजपूत और तकनीकी सहायक रवि शोरी, एवं ग्राम पंचायत कोडरीपाल-2 के सरपंच और पंचायत पदाधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया है। इसका सकारात्मक परिणाम संबंधित पारा के हितग्राहियों को प्राप्त होने के साथ ही ग्रामीणों को स्वरोजगार मिला है, जिससे इनके आय में वृष्दि हो रही है। ग्रामीण अब स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए हैं।

मोटर प्रदूषण जांच केन्द्र के लिए आवेदन 16 अगस्त तक

सुकमा, 31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री हरिस. एस, पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण एवं जिला परिवहन अधिकारी के सयुक्त टीम के द्वारा जिले में वर्तमान में वाहनों की संख्या के अनुरूप मोटर प्रदूषण जांच केन्द्र स्थापित किया जाना है। जिले में नवीन प्रदूषण चलित व अचलित जांच केन्द्र स्थापित करने हेतु 05 संख्या निर्धारित की गई है। जांच केन्द्र हेतु इच्छुक आवेदक प्रदूषण चलित व अचलित जांच केन्द्र योजना के अनर्गत निर्धारित योग्यता पूर्ण करता है, ऐसे आवेदकों से नवीन प्रदूषण जांच केन्द्र के लिए निर्धारित प्रारूप में वेबसाइट पर https://puc.parivahan.gov.in/puc/views/RegisterUser.&html आवेदन कर सकते है। आवेदन 16 अगस्त 2024 तक निर्धारित किया गया है। नवीन प्रदूषण जाच केन्द्र स्थापना हेतु निर्धारित योग्यता और विस्तृत जानकारी हेतु जिला परिवहन कार्यालय का सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व आईजी दीपक झा ने खिलाड़ी वसुंधरा से मुलाकात कर उत्साहवर्धन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 31 जुलाई। धर्मनगरी की कुमारी वसुंधरा सिंह ने पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाते हुए 2024 अक्टूबर में होने वाले ग्रीस यूरोप में वर्ल्ड जुजित्सु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की होनहार खिलाड़ी का चयन हुआ है। जिस पर राजनांदगांव के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के निमंत्रण पर आज प्रदेश महासचिव व कोच अजय राणा व जिलाध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी मार्गदर्शन में कुमारी वसुंधरा ने पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से भेंट मुलाकात कर सारगर्भित चर्चा की साथ ही भविष्य की अपनी कार्यप्रणाली के विषय मे होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की पूर्व सांसद यादव ने भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु खिलाड़ी वसुंधरा को शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित करते कहा गया कि जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नही है। उन्होंने खिलाड़ी का उत्साहवर्धन करते कहा कि मुझे विश्वास है कि आप भारत के साथ साथ सम्पूर्ण विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करोगी और भारत के लिए मेडल लेकर आओगी जो छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित राजनांदगांव डोंगरगढ़ का मान बढ़ाने में सहायक होगा।

इसी क्रम में राजनांदगांव रेंज के आई जी दीपक झा जिनका खेलो में अपना अलग ही लेवल है जब पता हुआ कि जिजित्सु खेल में होने वाले वर्ल्ड चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से एक मात्र खिलाड़ी का चयन हुआ है और वह भी राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ से है तो उन्होंने चर्चा के दौरान कहा की अभी बचे दिनों में पूरी तरह से अपने अभ्यास में लगे रहो तो निश्चित ही मैडल भारत के नाम होगा पूर्व में भी जिजित्सु खेल से लगाव होने की बात करते हुए कहा की उन्हें खिलाड़ियों के बीच जाना अच्छा लगता है जब भी मौका मिले वह जरूर जिले के खिलाड़ियों से मुलाक़ात करना चाहेगे।चर्चा के दौरान डोंगरगढ़ नगर के कराटे खिलाड़ी विकास सहारे व खेलो में विशेष रुचि रखने वाले नागेश कंडरा भी उपस्थित रहे।

रामलला दर्शन के लिए तीसरे चरण में 38 श्रद्धालुओं का दल हुआ रवाना

महासमुंद। रामलला दर्शन के तीसरे चरण में जिले से 38 श्रद्धालुओं का चयन किया गया, जो कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में मंगलवार को जनपद पंचायत परिसर से तीर्थ यात्रियों को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। यात्रियों को महासमुंद से रायपुर बस से रवाना किया गया। जिन्हें रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में राम के दर्शन के लिए रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है और सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं।

अग्निवीर वायु भर्ती ऑनलाइन आवेदन 4 अगस्त तक

सुकमा, 31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु भर्ती हेतु अविवाहित युवक एवं युवतियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। अग्निवीरवायु भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन की प्रारंभिक तथि 08 जुलाई 2024 एवं अंतिम तिथि 04 अगस्त 2024 तक बढ़ाई गई है। कम्प्युटर परीक्षा 18 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होगी। अग्निवीरवायु हेतु अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 03 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 (दोनो तिथियों सम्मिलित) के मध्य हुआ हो। आवेदक केन्द्रीय / केन्द्रशासित/राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमिडिएट 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा में कुल योग का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं अग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो। पुरूष आवेदकों की न्यूनतम ऊंचाई 152.5 सेंटीमीटर एवं महिला आवेदकों की न्युनतम ऊंचाई 152 सेंटीमीटर होना आवश्यक है। आवेदक का वजन, ऊंचाई एवं उम्र के अनुरूप होना आवश्यक है। पुरूष आवेदकों हेतु सीना 77 सेंटीमीटर तथा 5 सेंटीमीटर का विस्तार आवश्यक है। महिला आवेदकों हेतु सीना, शारीरिक बनावट के अनुरूप तथा 5 सेंटीमीटर का विस्तार आवश्यूक है।

जिले में अब तक 884.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

सुकमा,29 जूलाई 2024/भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 1054.5 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 656.7 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 901.4 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 754.9 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 698.3 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 1300.3 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 827.9 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 884.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है।वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 29 जूलाई को सर्वाधिक वर्षा तोंगपाल तहसील में 17.8 मिलीमीटर,जगरगुण्डा तहसील में 12.2 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 6.2 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 5.0 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 3.1 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 2.5 मिलीमीटर, और गादीरास तहसील में 2.2 मिलीमीटर, दर्ज की गई है। इस प्रकार 6.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

भाजपा की सरकार,जनता के द्वार:प्रदीप

महासमुंद। छग शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 2, 3 एवं 4 में 30 जुलाई को जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे गार्डन के पास हुआ। शिविर में भाजपा संगठन से शिविर प्रभारी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नागरिकों की समस्या को सुनी। साथ ही सभी के निराकरण के दिशानिर्देश स्थानीय नगरीय निकाय के सम्बंधित अधिकारियों को दिया।शिविर के दौरान जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के आदेश पर पूरे छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जो कि छग की भाजपा की सरकार की जनहित की समस्याओं के निराकरण के स्थानीय स्तर पर ही किये जा रहे प्रयास की सार्थकता को सिद्ध करता है। प्रदीप ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश के किसानों की समृद्धि का मार्ग खोलते हुए धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि के साथ बकाया बोनस वितरण किया गया। मातृ शक्ति का सम्मान करते हुए महतारी वंदन योजना के माध्यम से 1000 रुपए प्रतिमाह सम्मान निधि का लाभ महिला माता बहनों को मिल रहा है। लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया के चलते कुछ समय के लिए विकास कार्यों पर आचार संहिता के कारण प्रभाव पड़ा था। अब साय की सरकार पूरी तरह जनहित के कार्यों को पूरा करने एक्शन में आ गयी है।शिविर स्थल पर जिला महामंत्री प्रदीप ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर स्थल पर उपस्थितजनों की बैठक एवं उनको पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रदीप ने छग शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आम जनता की उपस्थिति की आवश्यक बताते हुए नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आपके घर के समीप सरकार के प्रतिनिधिगण और नगर पालिका की टीम उपस्थित है।

रेलवे अर्बन बैंक के नवनिर्वाचित सदस्यों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 31 जुलाई। 29 जुलाई 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी बिलासपुर पीतांबर लक्ष्मीनारायण के मार्गदर्शन में एवं मंडल समन्वयक इंदल दमाहे के नेतृत्व में अर्बन बैंक नागपूर मंडल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के सबसे ज्यादा उम्मीदवार विजयी होने पर नवनिर्वाचित डेलिगेट सदस्यों का मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में भव्य रैली निकालकर मंडल समन्वयक इंदल दमाहे द्वारा सभी विजयी सदस्यों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।*

नवनिर्वाचित अर्बन बॅक डेलिगेट में नागपुर से आईओ डब्ल्यू, ट्रैकमशिनसे ?दुशांत गजभिये, यांत्रिक विभाग से शरद ठाकुर, संतोष कुमार तिवारी,कार्मिक विभाग से व्रूशाली गोरले, मेडिकल से राजेश शाहु,इलेक्टीक विभाग से सतिश नगरकर, कमर्शियल विभाग इतवारी से उमेश टेभरे,डिजेल शेड मोतीबाग से शंकर प्रसाद,डोंगरगढ़ शाखा सचिव अनिल पोद्दार,सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग से विजय शंकर मीना, इंजीनियरिंग कामठी से बालकदास दुर्गा, रनिंग शाखा से महेंद्र कुमार नंदेश्वर एवं सुधीर सुर्यवंशी, रामकुमार खजुरे गोंदिया,दिपक यादव गोंदिया, संजीव कुमार पांडे नैनपुर, रजनीगंधा नायडू गोंदिया, सपनकुमार नायक,राजनांदगांव अमित कुमार डे,डोंगरगढ़ श्रीनीवास डोरा छिंदवाड़ा,अस्पाक खान सावनेर,मो.जाकिर खान गोंदिया, दिलिप नागपुरे बालाघाट, सुशील कुमार लिल्हारे गोंदिया,व्ही उमेश गोंदिया, सुरेश भानारकर नागभिड, शिवशंकर दमाहे नागभिड इत्यादि डेलिगेट सदस्यों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर केन्द्रीय पदाधिकारी एस.के.एम.पटनायक, देवाशीष घोष, राजेश राऊत,जनरल शाखा सचिव श्री गोपाल मुदलियार, इतवारी शाखा सचिव तुकाराम ठाकरे, रनिंग शाखा सचिव सिताराम बीलकर, अशोक पटनायक,रवी शर्मा,गिरीधर राव, कालुराम मीना, अजय मेश्राम संतोष अर्गै,विजय दास,एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

पुसपाल में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर की तिथि में संशोधन

सुकमा, 31 जुलाई । जिले में विकासखण्ड छिंदगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पुसपाल में 11 सितंबर 2024 दिन बुधवार को जन समस्या निवारण शिविर आयोजित होने वाली तिथि में संशोधित करते हुए उक्त शिविर को 25 सिंतबर बुधवार का आयोजित किया जाएगा।

जिले में अब तक 862 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कांकेर, 31 जुलाई । जिले में 01 जून से अब तक 862 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सर्वाधिक वर्षा भानुप्रतापपुर तहसील में 54.2 मिली मीटर तथा सबसे कम चारामा और नरहरपुर तहसील में दर्ज की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 9.7 मिलीमीटर, दुर्गूकोंदल में 28, अंतागढ़ में 6.4, पखांजूर में 30.9 और सरोना में 05 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

एक नजर

जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य ने बताई अपनी समस्याएं

रायगढ़, 31 जुलाई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल से निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन हुआ। विभिन्न मांगों और शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े ने बारी-बारी से उनकी समस्याएं सुनी एवं उपस्थित संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदकों के आवेदनों का अतिशीघ्र विधिवत् निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे। आयोजित जनदर्शन में मधुबन पारा रायगढ़ निवासी अफसाना बेगम दिव्यांग पेंशन की मांग को लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा शारीरिक रूप से दिव्यांग है एवं उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अपने बेटे के दिव्यांग पेंशन की मांग की। इसी प्रकार चक्रधर नगर कसेर पारा निवासी श्री लोकेश वर्मा भी दिव्यांग पेंशन की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग है एवं माता पिता की की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने बताया कि उनका पेंशन प्रकरण रोक दिया गया है। उन्होंने अपने पेंशन प्रकरण को रायगढ़ लेखा कोष में भेजने का अनुरोध किया। जिस पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े ने समाज कल्याण विभाग को व्यक्तिगत रुचि लेकर परीक्षण करने तथा आवेदन के निराकरण के साथ दूसरे आवेदन पर प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए विभागीय योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बानीपाथर के ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र बानीपाथर में पदस्थ महिला आरएचओ को हटाने की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि आरएचओ का व्यवहार ठीक नहीं है। आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य केंद्र जाने पर गेट नही खोलने एवं दुर्व्यवहार करने की शिकायत की। उन्होंने अन्य महिला आरएचओ पदस्थ करने के मांग की। आवदेन पर एडीएम सुश्री जांगड़े ने सीएमएचओ को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

ग्राम महापल्ली निवासी श्रीमती अमृता अपने बेटे का शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश की मांग लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह अत्यंत गरीब एवं अंत्योदय कार्ड धारी है। उन्होंने अपने बेटे का स्कूल में प्रवेश दिलाने का निवेदन किया। कोतरा रोड निवासी हेमलता देवांगन स्वयं नटवर स्कूल में दाखिला का आवेदन लेकर जनदर्शन पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके माता पिता उन्हे अच्छे स्कूल में पढ़ा रहे थे, लेकिन उन्हें बीमारी होने के कारण वर्तमान में घर की स्थिति ठीक नहीं है, जिससे बेहतर स्कूल में पढ़ा सके। उन्होंने नटवर स्कूल में प्रवेश दिलाने का आग्रह किया ताकि आगे की शिक्षा बेहतर ढंग से प्राप्त कर सके। आवेदन पर एडीएम सुश्री जांगड़े ने उचित कार्यवाही करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। संजय नगर निवासी श्री गंगाराम मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार कार्ड के तहत् विधिवत सहायता उपलब्ध करने का निवेदन किया। उन्होंने बताया कि उनके पास श्रम कार्ड है। उन्हें हृदय की समस्या होने पर रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज करवाया था, जिसमें काफी पैसा खर्च हो गया है। उन्होंने असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा के तहत विभागीय योजना का लाभ तथा आर्थिक सहायता दुराव करने की मांग की। एडीएम सुश्री जांगड़े ने सहायक श्रमायुक्त को आवेदन पर उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। रामभाठा निवासी श्रीमती ज्योति राशन कार्ड बनवाने का आवेदन लेकर जनदर्शन पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनका राशन कार्ड नहीं होने से राशन लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार ग्राम जोरापाली निवासी श्रीमती मनीषा डनसेना ने बताया कि उनका एपीएल कार्ड बना दिया गया है। उन्होंने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के निवेदन किया। एडीएम सुश्री जांगड़े ने आयुक्त नगर निगम एवं खाद्य विभाग को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

बाढ़ में राहत और बचाव के लिए तैयारी रखें पूरी:कलेक्टर

रायगढ़, 31 जुलाई। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति न बने इसके लिए अधिकारियों को विशेष रूप से निगरानी रखने के निर्देश समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग से बांधों के जल भराव और जल निकासी के संबंध में जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि हीराकुद बांध के 20 गेट खोले गए हैं। जिससे यहां जलस्तर नियंत्रित है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि ओडिसा में अधिकारियों से सतत समन्वय रखें। इसके साथ ही गंगरेल बांध के खोले जाने से यहां के जलस्तर में बढ़ोतरी की भी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने एसडीएम रायगढ़ को पुसौर इलाके में खास तौर पर डूबान और प्रभावित क्षेत्रों के निगरानी के लिए कहा और आपातकालीन स्थिति से निपटने पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए।

नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने लैलूंगा और पुसौर के सीएमओ को कार्य में लापरवाही को लेकर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ से हुई क्षति का आकलन किया, पीड़ितों से मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 31 जुलाई। पकखाड़े दिनों तक भारी बरसात होने से जिले वासियो के जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया जिसका प्रभाव सबसे अधिक भैरमगढ़ ब्लॉक और भोपालपटनम ब्लॉक में देखा गया। भैरमगढ़ के नगर पंचायत के नया बस स्टैंड में सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड वासी रहे मैंने रोड के ऊपर से तीन फीट लगभग पानी का तेज प्रभाव रहा। कई घरों में भी पानी घुसा जिसके वजह से घरो का भी छत गिर गया। क्षेत्र मे आई बाढ़ भयंकर रूप नदी नालों और रोड भी जलमग्न दिखने लगा जिसके कारण से क्षेत्र की वाहनों की पहिया कई घंटो तक थम गई थी। पखवाड़े भर के बरसात से कई घरो का छत गिर गया। शासन प्रशासन भी अलर्ट की वस्था में रहे कर तैनात रहे ।

बरसात के धमते ही क्षेत्र के जनप्रीतिनिधियों ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक मे सोमवार के किया। जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र के घरों तथा प्रभावित परिवारों का जायजा ले कर पीड़ित परिवारों से संपर्क कर उनके समस्या के बारे में जाना तथा उन्हें तत्काल राहत प्रदान करने के लिए जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारी एस डी एम विकास सर्वे व तहसीलदार मोहन साहू से सभी विषयो मे चर्चा कर परिवारों की समस्याओं को अवगत कराकर कहा कि बाढ़ पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा देने की

भैरमगढ़ एस डी एम विकास सर्वे

मांग किया । इस दौरान सरपंच सुखमन कश्यप पार्षद जागेश्वर देवंगान पार्षद नन्द किशोर राना,पार्षद राजेश कुंवर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दशरथ प्रभुलिया, मंडल महामन्त्री चमन ठाकुर,भाजपा हरीश निषाद, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य श्रीमती पुष्पा सिन्हा, जिलाभाजपा सदस्य श्रीमती पूजा पोंदी व नगर वासी मौजूद रहे।

बाढ़ से प्रभावित 34 परिवार का सूची आ चुका है प्रभावित परिवारों के लिए क्षेत्र के सामाजिक भवनओं मे ठहरने की व्यवस्था किया गया है। मुआवजा व बरसात से प्रभावित लोगो की व्यवस्था के लिए पटवारीयों की टीम बनाया गया है।

नगरपालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों ने कर्मचारियों को 72 रेन कोट बांटे ताकि बारिश में न हो काम प्रभावित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया,31 जुलाई। भारी बरसात शुरू हो चुकी हैं बदलतें हुए मौसम में भी खरसिया नगरपालिका के कर्मचारियों को नगर की साफ-सफाई का पूरा ध्यान देना होता हैं, किंतु अचानक जोर से बरसात हो जाने पर कर्मचारियों को भी काम करने में दिक्कतें होती थी बरसात में काम करते समय कर्मचारियों को किसी भी प्रकार को कोई दिक्कतें न हो एवं वे निर्विघ्न ढंग से काम कर सके इस सार्थक सोच के साथ खरसिया नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा सुनील शर्मा ने 72 कर्मचारियों को बरसती रेन कोट का वितरण किया है ताकि नगर की साफ सफाई एवं विकास में किसी भी प्रकार की रुकावट न हो सके एवं नगरपालिका के कर्मचारी निर्विघ्न ढंग से काम कर सके ।1 नग नई जेसीबी एवं 2 नग नए टिपर का उद्घाटन किया14 एवं 15 वे वित्त आयोग से खरसिया नगरपालिका परिषद में 1 नग नई जेसीबी मशीन एवं एवं 2 नग नए टिपर मंगवाए गए थे। जिसका आज विधिवत पूजा अर्चना कर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा सुनील शर्मा ने उद्घाटन किया। उक्त अवसर पर खरसिया नगरपालिका की अध्यक्ष श्रीमती राधा सुनील शर्मा के साथ उपाध्यक्ष राजेश सहिस, पार्षद श्रीमती अनुसुइया सन्यासी मेहर, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि परीक्षित राठौर, लाला राठौर, राम शर्मा, भरत राठौर, दादू बघेल, टेकु रजक, भीम राठौर आदि उपस्थित रहे। नगरपालिका के कर्मचारियों ने बरसाती रेन कोट वितरण के लिए नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राधा सुनील शर्मा एवं नगरपालिका के पार्षदो का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत टोरेन्ट प्रशिक्षण आयोजित

रायगढ़, 31 जुलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ कार्यालय के आरोग्यम् सभाकक्ष में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसके अंतर्गत निम्हांस, बैंगलूरू के सहयोग से टोरेंट (टेलीमेंटोरिंग फॉर रूलर हेल्थ आर्गेनाईजर ऑफ छत्तीसगढ़) प्रोजेक्ट अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो को चरणबद्ध रूप से मानसिक स्वास्थ्य संबंधित निम्हांस, बैंगलूरू के सुश्री रिया कुमारी, यूनिसेफ के श्री अभिषेक शास्त्री व श्री अतीत राव द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा मानसिक रोग पहचान, स्क्रीनिंग एवं काउंसलिंग के साथ-साथ साइकोसोसल इंटरवेंशन एवं मरीजों के रेफरल को सुदृढ़ किया जाना है।

शासन की पुनर्वास नीति से नक्सल पीड़ित परिवारों के चेहरे पर आई मुस्कान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 31 जुलाई । कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव की उपस्थिति में नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों जिन्हें शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति हेतु पात्र पाया गया है उनका कार्उसलिंग जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ।काउंसलिंग के दौरान आवेदकों के मूल स्थान, शैक्षणिक योग्यता, पारिवारिक पृष्ठभूमि सहित अन्य सामान्य जानकारी ली गई।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सभी आवेदकों को शुभकामनाएं देते हुए शासकीय सेवा में अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी एवं उनके दिवंगत परिजनों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन सदैव आपके साथ है। नक्सलियों द्वारा निर्दोष आदिवासी एवं ग्रामीणों की निर्ममतापूर्वक हत्या की निंदा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन एवं उनके नीति ऐसे देश विरोधी तत्वों से निपटने के लिए तैयार है और निकट भविष्य में नक्सलियों का अंत होना निश्चित है।कलेक्टर ने कहा कि प्रथम चरण में अभी 58 आवेदकों को 15 अगस्त से पूर्व नियुक्ति पत्र देने की तैयारी की जा रही है और शेष बच्चे आवेदकों को दूसरे चरण में नक्सल पुनर्वास की बैठक करके जल्द से जल्द छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 2015 के बाद अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। नक्सल पीड़ित परिवारों के शासकीय सेवा में नियुक्ति का सपना अब साकार होने जा रहा है।सभी परिजनों से कलेक्टर ने आत्मीय भेंट किया एवं उनके आग्रह पर कलेक्टर परिसर में सामूहिक फोटोग्राफी भी कराया गया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने भी सभी आवेदकों से आत्मीय भेंट करते हुए शासन की पुनर्वास नीति के तहत लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया।नक्सल पीड़ित परिवारों के छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित शासन की योजनाओं से संबंधित मासिक पत्रिका जनमन भी भेंट किया गया।इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, पुलिस उप अधीक्षक श्री तुलसी राम लेकाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. आनंद सिंह, जिला कोषालय अधिकारी श्री महावीर प्रसाद टंडन सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

डेंगू की रोकथाम के लिए शहर में करना होगा दो मोर्चे पर काम:कलेक्टर

रायगढ़, 31 जुलाई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रायगढ़ शहर में डेंगू के रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग व नगरीय निकाय की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ सोर्स रिडक्शन के दोहरे मोर्चे पर एक साथ काम करना होगा। इसके लिए शहर के ऐसे वार्ड जो ज्यादा प्रभावित है, वहां घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य करना होगा। कलेक्टर श्री गोयल ने इस अभियान में सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जनसहभागिता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि डेंगू लार्वा अमूमन साफ पानी में, घर के छतों में पड़े खाली टायर, गमले, प्लास्टिक कंटेनर, फ्रिज के ट्रे आदि में पानी जमा रहने पर पनपता है। लोगों को इसके लिए जागरूक करते हुए उन्हें नियमित रूप से

ऐसे जगहों पर जमा पानी को खाली करने हेतु प्रेरित करना है। जितना ज्यादा सोर्स रिडक्शन होगा उतनी जल्दी डेंगू नियंत्रण में आयेगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और नगरीय निकाय के साथ महिला बाल विकास की टीम को प्रभावित वार्डों में सघन जांच करने व टेमिफॉस दवा के छिड़काव के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम आयुक्त को नियमित साफ-सफाई, कचरे के उठाव किए जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डेंगू के लक्षण -डेंगू के लक्षण होने पर अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंख के पीछे दर्द होना, जी मचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह एवं मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकते उभरना जैसे लक्षण पाये जाते है। इस तरह के लक्षण पाये जाने पर निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र /मितानिन/स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सूचित करें एवं त्वरित जांच कर इलाज कराए।

क्या करना चाहिए-बारिश के बाद अपने घर के आसपास पानी जमा होने की जांच करें। सभी पानी के कंटेनरों/ओवरहेड टैंकों आदि को ठीक से ढककर रखें। हफ्ते में एक बार घरों, कार्यालयों, कारखानों, स्कूलों आदि में सभी कूलरों और कंटेनरों को साफ कर के सुखाएं। हर हफ्ते फ्रिज की पिछली ट्रे में पानी जमा होने की जांच करें और उन्हें अच्छे से सुखाएं। पक्षियों और जानवरों को खिलाने वाले बर्तन डेंगू का कारण बनने वाले मच्छर के प्रजनन का संभावित स्रोत हैं इसलिए इन्हें स्क्रब से साफ करें और हर हफ्ते पानी बदले। मच्छरों के काटने से बचने के लिए दिन के समय खुले हिस्सों पर मच्छर निरोधक का प्रयोग करें। मच्छरों के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े और लंबे कपड़े व पतलून पहनें जो हाथ और पैरों को ढकें। मच्छरों को दूर रखने के लिए जालीदार दरवाजे व खिड़कियां, मच्छर कॉइल वेपरमैट आदि का उपयोग करें। दिन के समय विशेष रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त किसी भी तरीके से डेंगू के मरीजों को मच्छर के काटने से बचाएं। सुनिश्चित करें कि ईमारतों के आसपास के जमीनी क्षेत्रों में, छत पर कोई जलजमाव न हो और खुले स्थानो पर कोई टूटा हुआ फर्नीचर या कबाड़ न हो।

पाण्डुका स्कूल में नवमी की छात्राओं को साइकिल वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फिंगेश्वर, 31 जुलाई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडुका में सायकल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं श्रीफल फोड़कर किया गया. तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया.इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष नागेन्द्र साहू ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है. शिक्षा के विकास से गाँव, समाज एवं राष्ट्र की ऊन्नति संभव है. उन्होंने आगे कहा कि स्कूल के

उतरोत्तर प्रगति में भरपूर सहयोग करेंगे और जितना ज्यादा हो स्कूल के विकास को गति प्रदान करेंगे. तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय एवं सदस्य गणों के द्वारा वृक्षारोपण शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया.वृक्षारोपण के पश्चात् नवमी के पात्र सभी बालिकाओं को सरस्वती साइकिल वितरण किया गया। इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा चंदन साहू,महामंत्री राजिम मंडल , केशव साहू टेलर्स सांसद प्रतिनिधि, केशव साहू विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अरुण साहू,पूर्व सांसद प्रतिनिधि स्निग्धा शर्मा, रूपसिंह सिन्हा,ग्रिह कार्यकर्ता,खिलावन सिन्हा,ग्राम विकास समिति अध्यक्ष,खिलेश्वर गोस्वामी पत्रकार कोपरा, शाला प्रबंधन स्कूल विकास समिति के सदस्य सोहन साहू, राम खिलावन शर्मा जी,उर्मिला ध्रुव (भूत पूर्व सरपंच,) दुकलहीन साहू, प्रतिभा साहू, सोहन चक्रधारी,पुरषोत्तम चक्रधारी, कन्हैया चक्रधारी अल्ताफ खान, गौतम शर्मा,ग्राम पटेल ईश्वर साहू जी, सालिक राम साहू,जवाहर शर्मा, प्राचार्य वाय. आर.साहू सर एवम् स्टाप के समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे

कंटेनर के कारण देर रात नेहरू नगर अंडर ब्रिज टूटा

भिलाई, 31 जुलाई। भिलाई नेहरू नगर रेलवे अण्डरब्रिज में देर रात एक कंटेनर वाहन तेज गति से प्रवेश कर गया। इसके कारण अण्डरब्रिज का पूरा स्ट्रक्चर टूट कर गिर गया। सामने बना लोहे का हाइट गेज बुरी तरह से ध्वस्त हो गया। जिसके चलते अण्डरब्रिज के दोनों ओर का रास्ता बंद हो गया है। घटना रात देढ़ बजे तक हुई जब अण्डरब्रिज से आवाजाही नहीं के बराबर होती है, अन्यथा बड़ी जनहानि की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है बताया जा रहा है कि कंटेनर वाहन रायपुर से प्लाईवुड लेकर हैदराबाद जा रही थी। ऐसे में कंटेनर को नेशनल हाईवे में सीधे जाना था। चालक के नेहरू

नगर चौक से कंटेनर वाहन को रेलवे अण्डरब्रिज से भिलाई टाउनशिप जाने वाले रास्ते की ओर मोड़ना समझ से परे है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि चौक पर मवेशी को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कंटेनर वाहन अनियंत्रित होकर अण्डरब्रिज की ओर मुड़ने के बाद हाइट गेज से जा भिड़ी। घटना में हाईट गेज का मजबूत बेस वाला लोहे का पोल उखड़ गया है। वहीं ऊपर की सीट भी क्षतिग्रस्त हो गई है घटना की जानकारी मिलते ही सुपेला थाना और ट्रेफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। ट्रेफिक पुलिस ने क्रेन की मदद से कंटेनर वाहन को हटाया और अण्डरब्रिज के दोनों ओर आवाजाही रोकने बेरिकेडिंग कर दी। नेहरू नगर से भिलाई टाउनशिप आने जाने वालों को ओवरब्रिज के रास्ते का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।ट्रेफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। कंटेनर को क्रेन के माध्यम से बाहर निकालने के बाद पुपेला थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

विस्फोट की घटना में शामिल 3 माओवादी किए गए गिरफ्तार

बीजापुर,31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 28/07/2024 को डीआरजी और थाना गंगालूर की टीम पीड़िया, मुतवेंडी, अंडरी, की ओर निकली थी । अभियान के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा अंडरी से 03 माओवादियों को पकड़ा गया ।1.भीमा कारम ऊर्फ डुम्मा पिता कन्ना कारम उम्र 37 वर्ष जाति मुरिया निवासी गायतापारा अंडरी थाना गंगालूर जिला बीजापुर , पदनाम अंडरी आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य 2.जोगा कलमू ऊर्फ बेटिया पिता सोना उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी अंडरी थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम ङ्क अंडरी आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य 3.सुक्कू कारम ऊर्फ सन्नू पिता बोटी उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी अंडरी थाना गंगालूर जिला बीजापुर पदनाम अंडरी आरपीसी सीएनएम सदस्य पकड़ गये माओवादी दिनांक 30-12-2023 को थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत कांवडगांव पीडिया के जंगल में पुलिस पार्टी पर विस्फोट करने की घटना में शामिल थे ।थाना ईलमिड़ी की टीम द्वारा भण्डारपाल पुजारीपारा थाना ईलमिड़ी से पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या करने की घटना में शामिल 01 मिलिशिया सदस्य गणपत पोडियम पिता राजैया ऊफ राजूल पोडियाम जाति दोरला उम्र 32 वर्ष निवासी भण्डारपाल पुजारी पारा थाना ईलमिडी को पकड़ा गया । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर एवं ईलमिड़ी में विधिसंगत कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

बंद के दौरान माओवादियों के मंसूबों को किया विफल

बीजापुर,31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कुटरू-बेदरे मार्ग पर आम्बेली नाला के आगे पाईप वाले पुल पर माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलो को निशाना लगाने के लिये लगाया गया था 10किग्रा का आईईडी थाना कुटरू, डीआरजी एवं बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा डी-माईनिंग के दौरान

मौके से किया गया बरामद बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा मौके पर किया गया निष्किय आईईडी कमांड स्विच सिस्टम से लगाया गया था, सुरक्षा बालो की सतर्कता और सूझबूझ से बड़ी घटना टली।

कठिन परिस्थिति में निवासरत बच्चों के सर्वेक्षण,रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए अभियान

बीजापुर,31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार बीजापुर मे 15 जुलाई से 14 अगस्त तक सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थिति में एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध में रहने वाले के बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू एवं पुनर्वास कार्यवाही के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है।जिले में लगातार सड़क के किनारे रहने वाले व कठिन परिस्थियों में जीवन यापन करने वाले बच्चों का रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है रेस्क्यू अभियान में जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस विभाग के समन्वय से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान जिला बीजापुर के सभी विकासखण्डो के बस स्टॉप, चौक चौराहो, नगरीय निकायों के सभी वार्डो, अपशिष्ट संग्राहकों, दुकानदारो होटल, वर्कशाप में इस संबंध में जानकारी दिया जा रहा है एवं लोगो, आमजनो से यह अपील की जाती है कि इस प्रकार के बच्चे मिलने, दिखने या जानकारी होने पर चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098 में कॉल कर सूचित किया जा सकता है। ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे के सडको में रहते है झुग्गी झोपड़ी बस्ती में रहने वाले अपने परिवार के पास आ जाते है सड़क जैसी परिस्थिति में अपने परिवार के साथ रहते है अपशिष्ट संग्राहक भिक्षावृति में लगे/मादक द्रव्य में लिप्त ऐसे श्रेणी के बच्चें अपने उत्तरजीविका भोजन वस्त्र आश्रम एवं संरक्षण हेतु विभिन्न प्रकार के संघर्षों एवं चुनौतियों का सामना करते है उन बच्चों का चिन्हांकन कर उनका संरक्षण प्रदान करने, शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक पुनर्वास की प्रक्रिया किया जावेगा।

जिले में पालक शिक्षक मेगा बैठक की पूर्व तैयारी के लिए बैठक सह कार्यशाला आयोजित

बीजापुर,31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वय स्थापित करने के लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित कर नई शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराना जिससे कि बच्चों को सतत् प्रेरणा एवं उचित मार्गदर्शन, शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना, बच्चों की काउंसिलिंग कर उन्हे परीक्षा के तनाव से मुक्त कराना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्राप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जिला बीजापुर के प्रशिक्षण हाल में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद की अध्यक्षता में पालक शिक्षक बैठक के पूर्व तैयार हेतु समीक्षा सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने संकुल स्तर पर होने वाले पालक शिक्षक बैठक के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की एवं पालकों से चर्चा किए जाने वाले 12 मुद्दों के सम्बन्ध में समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों को आवश्यक निर्देश दिए।

महिला सशक्तिकरण केन्द्र स्थापित किए जाने दावा -आपत्ति 12 अगस्त तक

बीजापुर,31 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महिला सशक्तिकरण केन्द्र स्थापित किए जाने हेतु संविदा भर्ती 8 पदों पर किया जाना प्रस्तावित है। प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी उपरांत पात्र-अपात्र सूची तैयार कर दावा आपत्ति के लिए आवेदन 12 अगस्त 2024 तक कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर के पते पर पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं पात्र/अपात्र सूची देखने के लिए जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

15 वें वित्त आयोग के अनटाइड ग्राण्ट अंतर्गत 1.14 करोड़ की मिली स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 31 जुलाई। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से लगातार क्षेत्र में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो रही है। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा नगर के लिए 15वे वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत 1 करोड 14 लाख 37 हजार की स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत गांधी मंदिर वार्ड क्रमांक 10 में 57 लाख 70 हजार रुपये की लागत से एस सी आई गोडाऊन से श्री नारायणी नवल धाम मंदिर के पास मुख्य नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 25 में 56 लाख 67 हजार रूपये की लागत से चर्च से लेकर रेल्वे क्रासिंग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है..

शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पुर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा उक्त निर्माण कार्यो से वार्ड रहवासियों को बारिश के दिनों में हो रही जल भराव की संकट से निजात मिलेगा।

विदित हो कि भाजपा की सरकार बनने के 07 माह में ही शिवरतन शर्मा की सक्रियता से करोड़ो के विकास कार्यो की स्वीकृती लागतार क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है।

जिसमे मोपका महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य, व्यवहार न्यायालय सिंमगा- भाटापारा में भवन निर्माण कार्य, शिवनाथ नदी के सेमरिया घाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग निर्माण कार्य, भाटापारा रेल्वे स्टेशन अंतर्गत एल सी नम्बर 385 गेट रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य, खोखली - धौराभाठा गेट पर रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य, सिमगा विकासखंड के अड़बंधा से करहुल मार्ग 02 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य ,अड़बंधा से चंदिया पथरा मार्ग पर 02 किलोमीटर सड़क निर्माण, मर्रकोना से संजारी नवागांव मार्ग पर 02.50 किलोमीटर सड़क निर्माण, भाटापारा-सेमरिया-चंदखुरी मार्ग पर सड़क डामरीकरण कार्य, कोलिहा रोहरा पुल पुलिया सहित 03 किलोमीटर मार्ग निर्माण कार्य, भाटापारा के कोसमंदा- बेन्द्री- खैरी- बोरसी 03.80 किलोमीटर पुल पुलिया सड़क मार्ग निर्माण कार्य, दतरेंगा से बिजराडीह 06.20 किलोमीटर सड़क पुल पुलिया सहित मार्ग निर्माण कार्य, पौसरी 02.50 किलोमीटर सड़क पुल पुलिया निर्माण कार्य जैसे करोड़ो रुपयों की राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृति प्राप्त कर ली की गई है..

उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है..

क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सभी हो रहे विकास कार्यो की स्वीकृति से प्रसन्नता है, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मोहन बांधे, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, राजा कामनानी, मनिंदर गुम्बर, योगेश अंनत,गोपाल देवांगन, कुंजराम कोशले सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की सक्रियता और क्षेत्र के प्रति उनकी विकास परक सोच के प्रति उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है.

एक नजर

भारतीय वायु सेना अग्निवीर भर्ती रैली आवेदन की अंतिम तिथि 4 अगस्त

बलौदाबाजार,31 जुलाई। भारतीय वायु सेना में अग्निवीर बनने युवाओं के लिये भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए अविवाहित महिला, पुरूष से आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए है। जिनके लिये इच्छुक आवेदक 4 अगस्त 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदक की जन्म तिथि 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के बीच हो। पुरूष आवेदक की उचांई 152.5 से.मी. एवं महिला आवेदक की उचांई 152 से.मी. हो। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से 102 विज्ञान सकाय से एवं अन्य विज्ञान सकाय से गणित, भौतिकी, एवं अंग्रेजी में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया हो एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है। भर्ती रैली से संबंधित अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट एचटीटीपीएस स्लेस अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

छात्रावास व आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निजी डॉक्टरों से 5 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार,31 जुलाई। जिले में संचालित छात्रावास आश्रमों में वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 अंतर्गत निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी योग्यता एम.बी.बी.एस., बी.ए.एम.एस. एवं बी.एच.एम.एस. डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास/आश्रमों) के लिए 5 अगस्त 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास बलौदाबाजार कक्ष क्रमांक 86 में प्राप्त कर सकते है।

एयरटेल ने मिड-बैंड स्पेक्ट्रम का पुनः उपयोग शुरू किया

रायपुर 31 जुलाई। भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की कि उसने अपने 5त्न ट्रैफिक की नेटवर्क से जुड़ी जरूरत में तेजी से होती वृद्धि पूरी करने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए पर अपने मौजूदा मिड-बैंड स्पेक्ट्रम को नए सिरे से व्यव्हित करना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे अधिक-से -अधिक ग्राहक 5त्न नेटवर्क की ओर बढ़ते जा रहे हैं, एयरटेल देश भर में अपने 1800, 2100, 2300 मेगाहर्ट्ज बैंड पर 5त्न सेवाओं का विस्तार करने के लिए अपने मिड-बैंड स्पेक्ट्रम का नए सिरे से तैयार कर रही है। मिड-बैंड स्पेक्ट्रम का उपयोग किए जाने पर ग्राहकों को बेहतर इनडोर कवरेज के अलावा पहले से अधिक तेज गति की ब्राउज़िंग का लाभ मिलेगा। जैसे-जैसे डेटा की मांग बढ़ती जा रही है, एयरटेल भी अपने ग्राहकों को शानदार 5त्न अनुभव देने के लिए अपने मौजूदा स्पेक्ट्रम को तेज गति से नए सिरे से तैयार कर रहा है।

इंडियन ऑयल ने पुणे में कॉरपोरेट गेम्स-2 का किया आयोजन

रायपुर 31 जुलाई। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियनऑयल) ने 26 से 28 जुलाई, 2024 तक पुणे के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने कॉर्पोरेट गेम्स के दूसरे संस्करण का सफल आयोजन किया। इंडियनऑयल के अध्यक्ष श्री श्रीकांत माधव वैद्य ने 26 जुलाई 2024 को सुश्री रश्मि गोविल, निदेशक (मानव संसाधन) की उपस्थिति में इस आयोजन का उद्घाटन किया। इस आयोजन में बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम और तैराकी सहित विभिन्न इनडोर खेल शामिल थे, जिसमें देश भर से 27 मल्टी-डिवीजनल टीमों के हिस्से के रूप में 623 कर्मचारियों ने भाग लिया। अपने उद्घाटन भाषण में, श्री वैद्य ने कर्मचारियों के बीच टीम भावना और एकता को बढ़ावा देने में खेल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, इंडियनऑयल को उसके लोगों द्वारा परिभाषित किया जाता है। और खेल हमें जोड़ने और एकजुट करने का एक शक्तिशाली तरीका है, जो सभी मंडल सीमाओं को तोड़ता है, टीम भावना और नेटवर्किंग को बढ़ावा देता है। इस तरह की उत्साही प्रतिस्पर्धा के साथ, हम एक विकसित होते व्यापार परिदृश्य में ऊर्जा के नए रूपों के उभरने के साथ किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं।

जिला ग्राम पटेल संघ की बैठक 5 अगस्त को

भखारा 31 जुलाई। जिला ग्राम पटेल संघ की संगठन चुनाव हेतु आवश्यक बैठक किया जा रहा है उक्त बैठक 5 अगस्त,दिन-सोमवार को पुराना कृषि उपज मंडी कुरद में 11 बजे रखा गया है जिला ग्राम पटेल संघ के सचिव बलराम साहू ने जिले के सभी ग्राम पटेलों से संगठन चुनाव में निर्धारित स्थान,तिथि व समय में उपस्तिथि की अपील की है !

कसडोल पुलिस ने ग्राम भदरा में घटित दोहरे हत्याकांड का किया पर्दाफाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबजार 31 जुलाई। 29 जुलाई को प्रातः थाना कसडोल में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भदरा में घर के अंदर एक महिला एवं उसकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। की सूचना पर थाना कसडोल का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पहुंचा। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। घटनास्थल मृतिका के घर में संतोषी पति स्व. दिलीप साहू उम्र 40 वर्ष एवं उसकी पुत्री ममता साहू 18 वर्ष दोनों निवासी ग्राम भदरा की हत्या हुई थी तथा घर के अंदर जली हुई अवस्था में दोनों मृतकों का शव मिला। घटनास्थल का प्रारंभिक निरीक्षण पर, दोनों मृतकों के सिर में किसी घातक हथियार से गंभीर चोट होना पाया गया तथा इसके पश्चात आरोपी द्वारा मिट्टी तेल डालकर दोनों शवों को जलाने का भी प्रयास किया गया। एफएसएल रायपुर की फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। साथ ही थाना कसडोल की पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण, जांच पंचनामा एवं ग्रामवासियों से घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया। संपूर्ण कार्यवाही पश्चात दोनों शवों का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। प्रकरण में थाना कसडोल में मर्ग क्र. 63/2024, 64/2024 एवं अपराध क्र. 300/2024 धारा 103,1,238 बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस टीम में शामिल निरीक्षक रितेश मिश्रा, सउनि श्रवण नेताम, मेघनाथ बंजारे, महिला प्र.आर. मंजू साहू, आरक्षक शरद साहू, मृत्युंजय महिलांगे, प्रताप बंजारे, कमलेश बर्मन, शैलेन्द्र बंजारे, शैलेन्द्र पैकरा व म. आरक्षक नेटी की टीम द्वारा दोनों मृतकों की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपियों के संबंध में पता तलाश प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा घटना के संबंध में महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा था। मृतिका का घर ग्राम भदरा बीच बस्ती में है तथा घर में दोनो मृतक एवं उसका एक पुत्र निवास करते थे। घटना दिनांक 28-29.07.2024 की दरम्यान पुत्र सुनील एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम अहिन्दा थाना लवन चला गया था। इस दौरान मृतक मां और बेटी ही घर में थे। इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि गांव का ही रहने वाले संदेही दिलहरण का मृतिका के घर आना-जाना है, पर वह सुबह से गांव से कहीं बाहर भाग गया है। इस सूचना पर से पुलिस का सारा ध्यान संदेही दिलहरण के ऊपर एवं उसकी खोजबीन में लग गया। पुलिस द्वारा संदेही दिलहरण का पता तलाश कर उसे हिरासत में लिया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम उससे घटना के संबंध में सुझ-बूझ से एवं बारिकी से पुछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा दोनों मृतकों की हत्या करना स्वीकार करते हुए बताया गया कि

उसका मृतिका संतोषी के साथ प्रेम संबंध में था, और वह मृतिका को बीच-बीच में आर्थिक मदद भी करता रहता था। विगत कुछ दिनों से मृतिका द्वारा संदेही दिलहरण को अधिक रकम मांगने की बात को लेकर ब्लैकमेल किया जाने लगा था। मृतिका अपनी मांग पूरी न होने पर कहने लगी थी कि मैं तुम्हारे घर में जाकर बतौर पत्नि रहने लगूंगी और तुमको बदनाम कर दूंगी। इस बात से आरोपी दिलहरण मानसिक रुप से काफी परेशान हो गया था और इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए उसने मृतिका को मारने की योजना बना डाली।

छत्तीसगढ़ स्टेट कुराश चैंपियनशिप सब जूनियर , जूनियर, ,सीनियर बालक बालिका , पुरुष एवम महिला का आयोजन

भाटापारा 31 जुलाई। बलौदा बाजार भाटापारा जिला कुराश संघ के स्व.डॉ जे. के. आडिल की स्मृति 28.7.24 को आयोजित किया गया।अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया की प्रदेश कुराश चैंपियनशिप में प्रदेश भर से 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया , जिसमे बलोदाबाजार भाटापारा बेमेतरा, दुर्ग , राजनांदगांव, रायपुर ,बिलासपुर के खिलाड़ियों ने भाग लिया , समापन एवम पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ विकास आडिल, विशिष्ठ अतिथि रविंद्र जैन , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता ,जिला कुराश संघ अमरजीत सिंह सलूजा, जिला कुराश संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश भानुशाली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश आर्य , जिला कुराश संघ कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश सचिव आदित्य सिंह, सचिव रायपुर जिला कुराश संघ सचिव आशीष यादव वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा उपस्तित् थे । सभि अतिथियों विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण , कांस्य एवम रजत पदक पुरस्कृत एवम प्रशिक्षकों को टी शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया, चैंपियनशिप में दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, वही बलौदाबाजार भाटापारा जिले की कुराश टीम रनरअप चैंपियन का खिताब अपने नाम किया । छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश् उपाधक्ष शिवरतन शर्मा, ने कहा की खेल हमारे जीवन मे बहुत महत्व रखते हैं। आज सबसे ज्यादा दुनिया में फॉलोअर्स खिलाड़ियों के ही हैं आप सभी भी खेलो मे भी धयान दे ओर प्रदेश के साथ साथ देश के लिए भी मेडल जीते उक्त जानकारी कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने दी।

समाचार संक्षेप

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

बलौदाबाजार,31 जुलाई। जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते,प्रशिशु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले,सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे। जनदर्शन में ग्राम सूरजपुरा के ग्रामीण द्वारा रकबा नंबर 460 घास भूमि को खेल मैदान हेतु आरक्षित करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर तहसीलदार भाटापारा को निर्देशित करते हुए समय सीमा में प्रकरण को निराकरण करने कहा है। इसी तरह पंचायत संडी के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत देवतराई से पृथक कर नवीन पंचायत गठन हेतु आवेदन किया जिस पर कलेक्टर ने उप संचालक पंचायत को निरीक्षण कर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके अलावा जनदर्शन में स्वास्थ्य उपचार,नए राशन कार्ड निर्माण,रोजगार की मांग,सड़क नाली निर्माण,अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

बलौदाबाजार,31 जुलाई। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। इस दौरान विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन,कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उन्होंने आज नगरीय निकायों में जल भराव की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सभी नगरीय निकायों में साफ-सफाई पर जोर देते हुए सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए है। उक्त कार्य को एसडीएम द्वारा सतत् मॉनिटरिंग करने कहा गया है। बैठक में अतिवृष्टि एवं देवरीडीह जलाशय के टूटने से जिन किसानों के फसल नुकसान हुए है उनके लिए तत्काल अच्छी गुणवत्ता वाली बीज उपलब्ध कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए हैं ताकि किसान समय रहते पुनः फसल का रोपण कर सके.साथ ही बैठक मे आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना,दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड ,पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण(स्वामित्व), जनधन योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना,पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई।

बारिश से सेमरिया ब मटिया मार्ग हुआ ध्वस्त,विधायक इंद्र साव ने मरम्मत के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 31 जुलाई। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चार दिवस तक हुई झमाझम बारिश के बाद अनेक गांव को जोड़ने वाली प्रमुख सड़के जहां ध्वस्त हो गई वही कई सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे निकल आए,जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा मिलने पर विधायक इंद्र साव ने तत्काल अधिकारियों को सड़को को ठीक और दूरस्त करने का निर्देश दिया है। शहर और ग्रामीण अंचलों में पिछले सप्ताह लगातार हुई अनवरत मूसलाधार बारिश ने पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया ,जिसके चलते अनेक घरों में बारिश का पानी भरने की शिकायत भी खूब मिली।वही बारिश का पानी सड़को पर बहने,भरे रहने के कारण पानी ने सड़को के निर्माण की गुणवत्ता को उजागर कर दिया।बारिश थमने के बाद अनेक गांव की सड़को की हालत इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि अगर कोई कोई गंभीर मामला सामने आ जाए तो उस गांव तक चार पहिया वाहनों को पहुंच पाना बड़ा कठिनाई जनक होगा। ग्राम सेमरिया ब से मटिया जाने वाले मार्ग की जर्जर हालत की शिकायत क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा विधायक इंद्र साव के पास पहुंचते ही विधायक इंद्र साव ने मामले की नजाकत और भविष्य में गांव में आवा जाही को ध्यान में रखते हुए उक्त गांव की सड़क को तत्काल मरम्मत करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।विधायक इंद्र साव ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण अनेक गांव की सड़को की बहुत दयनीय हालत है जिसका शीघ्र मरंम्मत किया जाना निहायत जरूरी है।

धमतरी में 24 अगस्त को होगा प्रदेश स्तरीय सतनामी महासम्मेलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा 31 जुलाई। धमतरी जिले में प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज का महासम्मेलन 24 अगस्त को आयोजित हो रहा है। जिसमें समाज के समस्त संगठन हिस्सा लेंगे। उक्त महासम्मेलन मे गुरु बाल दास साहेब का आगमन होना है। जिसमें समाज के सभी संगठन शामिल होंगे।उक्त कार्यक्रम में वर्तमान विधायक/मंत्री,पूर्व विधायक मंत्री,सतनामी समाज के समस्त संगठन को आमंत्रित किया जायेगा।जिसमे समाज के वरिष्ठ,महिला प्रकोष्ठ,युवा प्रकोष्ठ,कर्मचारी अधिकारी शामिल होंगे।उक्त महासम्मेलन मे सामाजिक रिति-रिवाज,सामाजिक संगठन,सामाजिक उत्थान पर विशेष चर्चा होना है। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि इस दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्रा जिन्होंने हाई/हायर सेकंडरी परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंको से पास होकर समाज का नाम रौशन किया है उन्हे सतनामी समाज के द्वारा सम्मानित किया जाना है।इसके लिए ब्लॉक अध्यक्षों को प्रतिभावान विद्यार्थीयो की सूची तैयार करने की ज़िम्मेदारी दिया गया है। उक्त बैठक मे प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे,सलाहकार डा सुरेन्द्र कुर्रे,रमेश लहरे,राजा बंजारे, प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर,उपाध्यक्ष विजय सोनवानी,भुवन गायकवाड़, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी घुतलहरे,संगठक मंत्री मोहन जांगड़े,महासचिव चंद्र कुमार बंजारे, सचिव मणीकांत जोशी, कोषाध्यक्ष दीपचंद भारती व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पौधरोपण कर विजय दिवस मनाया

छुरा 31 जुलाई। नगर स्थित निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान मे 26 जुलाई विजय दिवस के अवसर पर अमर शहीदों की स्मृति मे पौध रोपण कर कारगिल युद्ध के विजय की 25 वीं वर्ष गाँठ मनाई गई।कार्यक्रम अधिकारी आर आर कूर्रे के मार्गदर्शन में रासेयो स्वयं सेवकों एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. डी के साहू की उपस्तिथि मे सभी सदस्यो, प्राध्यापकों एवं स्टॉप ने आज के दिवस को यादगार बनाने शौर्य एवं विजय गाथा के साथ एक-एक पेड़ लगाकर पूरे वर्ष भर जतन करने की शपथ लिए। इस अवसर पर रासेयो स्वयं सेवकों के साथ-साथ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य तेजस्वी यदु,प्राध्यापक तरूण निर्मलकर,विनोद यादव,टेमन साहू,पी के यादव,श्रीमती निर्मला यादव, के आर साहू, ओंकार कंवर, टीकेश्वर निर्मलकर,हरीराम यादव उपस्थित रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 2024070921000048

3/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका पार्वती ब्राम्हणकर पति शंकर लाल ब्राम्हणकर, जाति कुर्मी निवासी साउथ कॉलोनी, वार्ड नंबर 05 डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि मेरे नाम से कालक्षापारा डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25, तहसील डोंगरगढ़ में खसरा नंबर 679/18 रकबा 0.012 हे. भूमि स्थित है जो कि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है। आवेदक द्वारा ग्राम डोंगरगढ़, प.ह. नं. 25, रा.नि.मं. डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर 679/18 रकबा 0.012 हे भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. सहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, नक्शा, खसरा बी-1, पंजीकृत बयनामा, किसान किताब की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 28/08/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़

आवासीय तृतीय सोपान निपुण परीक्षण शिविर का समापन

स्काउट हमें अनुशासन का पाठ पढ़ाता है.उसे जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़े:नीलम

कुरूद 31 जुलाई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय पांच दिवसीय आवासीय तृतीय सोपान निपूण परीक्षण शिविर का समापन सोमवार को मंगल भवन में ज्वाल शिविर के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति तारिणी नीलम चंद्राकर थीं।अध्यक्षता जिला संघ धमतरी के जिलाध्यक्ष विनोद पांडेय ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक संचालक लक्ष्मण राव मगर, जिला उपाध्यक्ष विनीता मगर, गोविंद मगर, स्थानीय संघ के अध्यक्ष मनीष साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा शिक्षक देवेंद्र दादर, स्थानीय संघ के संस्थागत प्रतिनिधि श्रवण साहू, प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा शामिल हुए।

शिविर का शुभारंभ स्काउड गाइड एवं अतिथियों द्वारा ज्वाल गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तारिणी नीलम चंद्राकर ने कहा कि पढ़ाई जीवन मे एनसीसी की छात्रा थीं, जिनसे मेरे आत्मविश्वास को मजबूती मिलीं। आज उसका प्रभाव मेरे जीवन मे मैं देख पाती हूँ। इस तरह के गतिविधियों से सीखने को मिलता है जो आपके आगे जीवन मे बहुत काम आता है। पढ़ाई के साथ-साथ एक लक्ष्य निर्धारित करें कि हमको अपने पैरों पर खड़े होना है। स्काउड हमें अनुशासन का पाठ पढ़ाता हैं उसे जीवन मे आत्मसात कर आगे बढ़े । विनोद पांडेय ने कहा कि शिविर के बच्चों में बदलाव देखकर अच्छा महसूस कर रहा हूं। स्काउड आपके व्यक्तित्व के निर्माण के लिए बहुत अच्छा प्लेटफॉर्म हैं। इसे पूरे मनोयोग के साथ सीखना है।स्काउट गाइड आपके व्यक्तित्व को निखारने का सबसे बड़ा माध्यम है। धैर्य के साथ हम आगे बढ़ते रहे तो लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। लक्ष्मण राव मगर ने कहा कि समाज में जागरूकता लाने की जिम्मेदारी हम सबकी हैं। हर एक शिक्षण संस्थान में सामाजिक इकाई का गठन होगा। यहीं समाज सेवा का माध्यम हैं। आने वाले भविष्य में समाज का भार आपके कंधो पर टिका होगा। आपको ही समाज की दिशा तय करनी होगी।आज खेल खेल में अनुशासन सीख रहे हैं। यहीं कल काम आएगी।चार लोगो के बीच मे आपकी अलग पहचान बनेगी। स्काउड में आपका चरित्र निर्माण हो रहा है।हम सब उत्कृष्ट विकसित भारत बनाने के लिए अग्रसर है। मनीष साहू ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि कुरूद को दो बार आतिथ्य का अवसर मिला। अनेकों चुनौतियों का सामना करते हुए हमने सफलतापूर्वक शिविर सम्पन्न कराए। हम चुनौतियों से सीखते हैं। संगठन से हर चुनौतियों को पार पा सकते हैं। स्काउट साहसी और वफादार होता है। उन्होंने एक गांव की कहानी सुनाते हुए कहा कि ज्यादातर लोग सेना में है फौजी बनकर देश सेवा में लगे हुए हैं। इसी तरह आप भी देश सेवा करके नाम रौशन करे।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर करेली बड़ी में आयोजित

धमतरी 31 जुलाई। शासन की मंशानुरूप ग्रामीणों की समस्या-शिकायतों और मांग के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेलीबड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त 412 आवेदनों में से 151 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर लिया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा दी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति ठाकुर ने कहा कि आज जिला प्रशासन हमारे गांव आकर हमारी समस्याओं-शिकायतों के निराकरण के लिए उपस्थित है, जो कि हर्ष का विषय है। वहीं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कुसुमलता साहू ने कहा कि शासन की मंशानुरूप आज जिला स्तरीय अधिकारी हमारे गांव आकर विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे है। साथ ही हमारी समस्याओं को दूर भी कर रहे है। इस अवसर पर श्री श्यामलाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शिविर में जनपद उपाध्यक्ष श्री राजेश साहू, सभापति श्री गिरीश साहू, मण्डल अध्यक्ष श्री हीरीलाल साहू, श्री रोशन सिन्हा, श्री महेन्द्र साहू, सरपंच करेली बड़ी श्री डोमार सा

एक नजर

रायपुर के विकास को डाक्टरेट की उपाधि

रायपुर 31 जुलाई। आईकोनिक पीस अवार्ड कौंसिल नयी दिल्ली ने रायपुर के विकास ठाकुर को पर्यावरण एवं सामाजिक सेवा के पिछले 25 वर्षों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों हेतु उन्हें काऊन्सिल की लाईफ टाईम सदस्यता एवं हानरेरी डाक्टरेट की उपाधि प्रधान की है। ज्ञात हो की आईकोनिक पीस अवार्ड कौंसिल नयी दिल्ली प्रति वर्ष सम्पूर्ण भारत से अपने अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वालो व्यक्तियों का चयन कर उन्हें सम्मानित करती है।

गो-सेवक बिसेन पर जानलेवा हमला

रायपुर 31 जुलाई। गो-सेवक ओमेश बिसेन पर जानलेवा हमला कर दिया गया। इसके बाद संगठन से लेकर गोसेवा संगठन से जुड़े समर्थक पुरानी बस्ती थाने पहुंच गए। दरअसल, राधास्वामी नगर के पास क्लीनिक में दवा लेने पहुंचे ओमेश बिसेन पर हमला कर दिया गया। इस दौरान कुछ अन्य लोग यहां पहुंचकर उनके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान हुए विडियो में सामने आया कि एक महिला और कुछ समर्थक युवक बिसेन को मारते नजर आए। इसके बाद घायल अवस्था में बिसेन पुरानी बस्ती थाना पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद बिसेन को मुलायजा के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं, मामले की विवेचना की जा रही है।

हृदय रोगी बालक को मिला जीवनदान

रायपुर 31 जुलाई। शकुंतला फाउंडेशन की संस्थापिका स्मिता सिंह के प्रयासों से मध्यप्रदेश चंदेरी के पांच वर्षीय बाल हृदय रोगी शहनबाल खान को मिला नवजीवन। बच्चे के परिजनों ने रायपुर की समाजसेवी स्मिता सिंह से अपने नन्हे बच्चे जिसके दिल में छेद है उसके आपरेशन के लिए मदद की अपील की। डाक्टरों ने बच्चे का आपरेशन छ महीने के अंदर कराने केलिए कहा था ।परिवार को किसी तरह की कोई सहयोग नहीं मिल रहा था बच्चे के पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से आपरेशन कराने में असमर्थ थे । इस मुश्किल घड़ी में स्मिता सिंह और हैदराबाद केयर अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ तपन दस सर ने बाल हृदय मरीज शहनबाल खान के लिए पांच लाख राशि का आर्थिक सहयोग करा कर आपरेशन की व्यवस्था की गई। डाक्टर तपन सर ने सफलतापूर्वक आपरेशन कर बच्चे को नवजीवन दिया। बच्चे के परिजनों ने सहयोग के लिए डॉ तपन सर और स्मिता सिंह संस्थापिका शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ का आभार व्यक्त किया। शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ अब तक लगभग दो सौ से अधिक बाल हृदय रोगी मरीजों के आपरेशन में सहयोग कर चुकी हैं

युवक से मारपीट

रायपुर, 31 जुलाई। बंगाली होटल के पास हीरापुर में पैसे के लेन-देन को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश सिंह राजपूत 35 वर्ष कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि बंगाली होटल के पास आरोपी जसविंदर सिंह अपने दो अन्य साथियों के साथ आया और पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ई-रिक्शा का चार्जर पार

रायपुर, 31 जुलाई। शास्त्री नगर फोकटपारा में खड़ी ई-रिक्सा से अज्ञात चोर ने बैटरी चार्जर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमन विभार 29 वर्ष शास्त्री नगर फोकटपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने ई-रिक्सा को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बैटरी चार्जर को पार कर दिया। चोरी गए चार्जर की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर, 31 जुलाई। पुरानी बस्ती पुलिस ने पंकज गार्डन के पास दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3370 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंकज गार्डन के पास खोखोपारा में दबिश देकर आरोपी भुक्तराज घोष 27 वर्ष व अमर सिंह 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 3370 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पीएम आवास पर केन्द्र फैला रहा भ्रम: भूपेश

रायपुर 31 जुलाई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा के केंद्र और राज्य के मंत्री झूठ बोल रहे हैं और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा है कि विधानसभा के भीतर मंत्री स्वीकार कर चुके हैं कि 18 लाख आवास की बात करने वाली सरकार ने आज तक किसी भी हितग्राही को एक भी आवास के लिए एक भी किस्त जारी नहीं की है. उन्होंने कहा है कि पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास स्वीकृत करने के विज्ञापनों और प्रचार से लोगों को आवास नहीं मिलेगा. उन्होंने कहा कि मीडिया और जनसंपर्क विभाग के ज़रिए कुछ भी छपवा कर भ्रम ही पैदा किया जा सकता है इससे सच्चाई नहीं बदलती. श्री बघेल ने कहा है कि यदि केंद्र की सरकार ने दावा किया था कि वर्ष 2022 तक सबको आवास मिल जाएगा तो फिर तीन करोड़ नए आवास की बात कहां से आ गई. उन्होंने सवाल पूछा कि यदि नई जनगणना हुई नहीं है तो ये तीन करोड़ का आंकड़ा कहां से आया? उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने बजट में आवास के लिए धनराशि रखी थी, जब केंद्र ने पैसा नहीं भेजा तो हमने 7.5 लाख लोगों को पहली किस्त जारी भी कर दी थी. अब राज्य कुछ कर नहीं कर पा रही है और विधानसभा में कलई खुलने के बाद शिवराज सिंह चौहान से झूठ बुलवा रही है. उन्होंने कहा है कि गरीबों के आवास की बात पर भाजपा को राजनीति नहीं करनी चाहिए।

उद्योगपतियों के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सीएम से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ में उद्योगों के बंद होने को लेकर उद्योगपतियों के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मुलाकात की है। सभी उद्योगपति स्पंज आयरन एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नचरानी के नेतृत्व में पहुंचे थे। मुलाकात के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, उद्योग बंद ना करने और बिजली में बढ़ोत्तरी के दर को वापिस लेने की मांग की है। उद्योगपतियों से मुलाकात के बाद पूर्व सीएम श्री बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में पहली बार 150 उद्योगों में तालाबंदी हुई है। पड़ोसी राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ सरप्लस स्टेट है। पड़ोसी राज्यों में बिजली दर 5 रुपए है लेकिन छत्तीसगढ़ में 7.62 रुपए ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि, कांग्रेस की सरकार में उद्योगों को बढ़ावा देने का काम किया गया था। यहां तक कि, कोरोनाकाल में भी छत्तीसगढ़ में उद्योग बंद नहीं हुए थे। उद्योग बंद होने से लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। यहां तक कि, बिजली दरों में वृद्धि का निर्णय वापस होना चाहिए। पीएम आवास पर डिप्टी सीएम अरुण साव के बयान पर पूर्व सीएम श्री बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि, ये विधानसभा के बाहर कुछ और अंदर कुछ बोल रहे हैं। पीएम आवास में एक भी मकानों की स्वीकृति नहीं किए गए हैं। अगर पीएम आवास के तहत स्वीकृति दिए हैं तो बताएं कि, 18 लाख आवासों में कितना स्वीकृत किया गया है। 18 लाख आवासों में पहली किश्त किसको दिया गया है। इन्होने विधानसभा में तो जवाब दिया था कि, एक भी मकान नहीं बना है। इसलिए शिवराज सिंह से मिले और बयान दिलवा दिए।

रायपुर 31 जुलाई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा सरमा से सौजन्य मुलाकात की।

मरीजों और उनके रिश्तेदारों को रेनकोट वितरण

रायपुर 31 जुलाई। आरसीआरटी 241 ने मरीजों और उनके रिश्तेदारों को 100 रेनकोट वितरित किया। लगभग 80 मरीजों और उनके रिश्तेदारों तक पहुंच बनाई, उन्हें इस मानसून के मौसम में बारिश से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रदान की।यह प्रयास हमारे समुदाय के उदार योगदान और समर्थन से संभव हो पाया। प्राप्तकर्ताओं द्वारा व्यक्त की गई खुशी और कृतज्ञता ने इस प्रकार की पहलों के महत्व को और भी मजबूती से स्थापित किया, खासकर जब बारिश के मौसम में उनकी सेहत और भलाई के लिए उचित सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण होती है। हम उन सभी स्वयंसेवकों का दिल से धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस आयोजन को संभव बनाया। आपकी दयालुता और समर्थन वास्तव में उन जरूरतमंदों के जीवन में अंतर ला रहे हैं।

सुख समृद्धि व अच्छी फसल के लिए मंगल प्रार्थना 4 अगस्त को

रायपुर 31 जुलाई। आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में 4 अगस्त को हरेली अमावस्या के पावन अवसर पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा कर छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि , अच्छी फसल व हरियाली हेतु मंगल प्रार्थना की जावेगी , उक्ताशय की जानकारी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष सन्तोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने दी । सर्वप्रथम चारों दादागुरुदेव की वेदी प्रतिमाओं के सम्मुख अष्ट प्रकारी पूजा का विधान होगा । अध्यक्ष सन्तोष बैद , वर्धमान चोपड़ा , दीप्ती बैद , विवेक बैद , निर्मल पारख मंजू कोठारी द्वारा बड़ी पूजा का विधान किया जावेगा । महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि कुशल नाम है कितना प्यारा , जन जन की आंखों का तारा , जब कोई नही आता मेरे दादा आते हैं , मेरे दुःख के दिनों में वो बड़े काम आते हैं , भजनों से वातावरण गुरुभक्ति में सराबोर होगा । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी में हरेली अमावस्या को दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के लाभार्थी प्रवीण , पीयूष गोलछा भैरव सोसाइटी , मोहनलाल मनीष पगारिया रायपुर , जयचंद रमेश , मोहन चंद बच्छावत , दिनेश कुमार जैन , बसंत जितेन्द्र नाहर , नीलमचंद डॉ अंशुल बरड़िया , वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा , गुमान चंद कांतिलाल झाबक , संतोष सरला बैद अशोक कोचर व गुप्त लाभार्थी परिवार हैं ।

ढेबर को अपने आचरण पर शर्म महसूस करनी चाहिए: संजय

रायपुर 31 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने राजधानी में कांग्रेस द्वारा आहूत प्रदर्शन के दौरान रायपुर के महापौर एजाज ढेबर द्वारा अपने खिलाफ हो रही कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारी का नाम लेकर आत्महत्या की धमकी देने को ढेबर के बचकानेपन और कांग्रेस के नये-नये अराजकतावादी चरित्र का परिचायक बताया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि ढेबर को यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रशासनिक अधिकारियों को आत्महत्या की धमकी देकर कानूनसम्मत कार्य से रोकने के लिए इस तरह दबाव बनाना भी एक तरह का अपराध होता है, जो वह अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए सरेआम इन दिनों लगातार कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि रायपुर के महापौर जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे ढेबर को अपने इस राजनीतिक आचरण पर शर्म महसूस करनी चाहिए क्योंकि वह अच्छी से जानते हैं कि राजनीतिक आंदोलनों में इस प्रकार के मामले दर्ज होते रहते हैं। कांग्रेस के शासनकाल में तो अनेक भाजपा नेताओं पर दर्जनों मामलों में एफआईआर होती रही जबकि ढेबर को तो प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी और जवानों से धक्का-मुक्की, झूमाझटकी करते उस दिन के वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है और इसीलिए ढेबर पर कानूनी शिकंजा कसा है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अपने खिलाफ कानूनी कार्रवाई को रोकने के लिए ढेबर अब दबाव बनाने की बचकानी राजनीति कर रहे हैं। ढेबर को यह बात समय रहते अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए कि इस मामले में अब वह पूरी तरह अकेले पड़ गए हैं और कांग्रेस का एक भी नेता ने झूठे मुँह भी यह कहने की जरूरत नहीं समझी कि इस लड़ाई में वह ढेबर के साथ खड़े हैं और हमारे खिलाफ भी केस दर्ज किया जाए। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि ढेबर द्वारा पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ की गई बदसलूकी निंदनीय है। दरअसल कांग्रेस का यह प्रदर्शन और विधानसभा घेराव पूर्णतः विफल रहा, इसलिए कांग्रेस के नेता पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ झूमाझटकी करके खुद को चर्चा के केंद्र में रखने की ओछी और हास्यास्पद नौटंकी कर रहे थे। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में करारी शिकस्त झेलने के बाद से सन्निपात के दौर से गुजर रही कांग्रेस अपने अस्तित्व का अहसास कराने की नाकाम कोशिशें कर रही है। बड़े दुःख की बात है कि राजधानी के महापौर ढेबर पुलिस कर्मियों के साथ बदसलूकी और धक्का-मुक्की कर रहे थे और उसके बाद भी फोटो दिखाने और अपना नंबर बढ़ाने के लिए हाथ में चोट, पेट दर्द की बातें करके नौटंकी करते नजर आए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में शर्मनाक हार के बाद अब कांग्रेस देशभर में अराजकता फैलाने के अपने ट्रूलिकिटिया एजेंडे पर काम कर रही है।

सावन श्रृंगार प्रतियोगिता में नमिता विजेता

रायपुर 31 जुलाई। बेटी बचाओ मंच विप्र नगर के महिला पदाधिकारियो ने विप्र नगर में सावन उत्सव का आयोजन किया । मुख्य अतिथि मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा थे । महिलाओं ने हरे परिधान में सावन झूला का आयोजन किया । झूला को हरी पत्तियां व बेल से सजाकर विविध करतब के साथ सावन झूला का आनंद लिया । इस दौरान सावन क्वीन तथा सावन श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता मे विजयी होने के लिए प्रतियोगियों को झूला झूलने के तरीके, हरे रंग में सर्वाधिक श्रृंगार, सावन के धार्मिक महत्व पर विचार तथा सावन गीत जैसे विभिन्न चरणों से गुजरना पड़ा । सर्वाधिक नंबर के आधार पर नमिता डडसेना सावन क्वीन विजेता तथा सीमा कश्यप उपविजेता घोषित हुए। सावन श्रृंगार में श्रद्धा उपाध्याय प्रथम तथा रश्मि कश्यप द्वितीय स्थान से सम्मानित हुए । आयोजनों में लगातार सक्रियता एवं श्रेष्ठ कार्यो के लिए शशि यादव तथा रीता शर्मा को सावन श्री की उपाधि से विभूषित किया गया।

मांढर में हुई हत्या के लिए पुलिस प्रशासन जिम्मेदार

रायपुर 31 जुलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी डेलीगेट एवं धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान युवाओं को रोजगार एवं खिलाड़ी बनाया गया था और खेल नीति के जरिए उन्हें आगे ले जाया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने युवाओं को नशेड़ी बना दिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी बढ़ते जा रही है और इसी के चलते अपराध भी बढ़ते चले जा रहे है ?। अब छत्तीसगढ़ सबसे असुरक्षित प्रदेशों में माना जा रहा है। हर रोज हत्याएं, लूट, डकैती के मामले बढ़ रहे हैं। यह हम नहीं कर रहे हैं, बल्कि हत्या डकैती लूटपाट गोली कांड जैसी घटनाओं का सुबह होते ही अखबारों के फ्रंट न्यूज़ में खबर आना दिल को दहला देती। बंजारे ने बताया किस तरह गिरौद के युवक लिकेश पटेल को अपहरण कर कुछ आपराधिक तत्व के लोग उठाकर मांढर के सुनसान इलाके ले जाते है,वहां उनकी निर्मम हत्या कर दी जाती है पीड़ित पक्ष के लोग सिलतरा चौकी में गुहार लगाते हैं फिर भी पुलिस की कान में जून तक नहीं रेंगती। समय रहते पुलिस सजग होती तो ये घटना नही होती।मांढर के जिस जगह पर लिकेश पटेल की हत्या हुई है उस जगह पर पिछले कुछ सालों से कई हत्या एवं लूटपाट अपराहरण जैसी घटनाएं हो चुकी है। फिर भी पुलिस प्रशासन ना वहां गश्ती करते हैं ना ही उस एरिया को कभी झांकने तक नहीं जाते,जिसके कारण अपराधियों के हौसले बुलंद होते चले आ रहे है।

सुंदरनगर में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

रायपुर 31 जुलाई। नगर निगम जोन 5 के वार्ड 42 पंडित सुन्दर लाल शर्मा के अश्वनी नगर सामुदायिक भवन में आयोजित हुआ । शिविर में आज वार्ड की अधिकांश जनता मजदूर कार्ड बनाने , आधार कार्ड में संशोधन करवाने , राशनकार्ड में नवीनीकरण , आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ जाति , निवास , आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए के लिए आते रहे । शिविर में वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे , जोन आयुक्त विमल शर्मा ने महिला समूह को 3 लाख 45 हजार का चेक प्रदान किया । एक विकलांग महिला को व्हीलचेयर भी प्रदान किया गया । वहीं जिन परिवार के राशनकार्ड , आयुष्मान कार्ड बन गए थे उन्हें शिविर स्थल पर वितरित किया गया । पार्षद मृत्युंजय दुबे ने बताया कि वे दिनभर शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर जाति , निवास प्रमाण पत्र बनाकर दिया साथ ही उपस्थित पटवारी से आय प्रमाण पत्र भी बनाकर दिलवाया ।

खदानेश्वर मन्दिर गली में निवासरत महिलाएं पानी की समस्या को लेकर पार्षद के पास पहुँची । पार्षद ने तुरंत जोन आयुक्त विमल शर्मा को भेज कर तत्काल समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिया । बिजली के 10 नए खम्भों पर स्ट्रीट लाइट की फिटिंग कराई गई , पाईप लाइन में 4 स्थानों पर लीकेज की समस्या का निराकरण किया गया । पार्षद मृत्युंजय दुबे ने जन समस्या निवारण पखवाड़े का स्वागत करते हुए कहा कि आज दिनभर शिविर स्थल पर वार्ड के नागरिकों की भीड़ रही जिन्होंने अपना राशनकार्ड , मजदूर कार्ड , आयुष्मान कार्ड , जाति , निवास , आय प्रमाण पत्र बनवाया , और अपनी बिजली , पानी , नाली सफाई आदि छोटी बड़ी समस्याओं का निराकरण पार्षद से मिलकर तत्काल कराया ।

वार्ड की समस्याओं पर संदीप तिवारी ने जोन कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

रायपुर 31 जुलाई। कांग्रेस नेता संदीप तिवारी ने बताया कि शासन द्वारा आयोजित जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में आयोजित पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.42 में विभिन्न समस्याओं से संबंधित पत्र जोन कमिश्नर विमल शर्मा को सौंपा गया। संदीप तिवारी ने कहा कि पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में समस्याओं का अंबार है, जैसे कि वार्ड में अधिकांश क्षेत्रों की स्ट्रीट लाईटें बंद हैं, अश्वनी नगर हेमू किराना स्टोर्स के सामने गली का विद्युत पोल अत्यंत जर्जर हो चुका है, जिसे बदला नहीं जा रहा है, कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। पूरे वार्ड में अत्यधिक संख्या में मवेशियों का विचरण होने के कारण गली-मोहल्लों में गंदगी व दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है, साथ ही आवारा कुत्तों का आतंक निरन्तर भयभीत कर रहा है। सफाई व्यवस्था निरन्तर नहीं है, जिसके कारण बरसात में बदबू से लोग परेशान हैं और गंभीर बीमारी भी फैलने का खतरा बना हुआ है। चन्द्रशेखर नगर क्षेत्र में नलों में पानी की समस्या से परेशानी हो रही है, जिसके लिए लगातार क्षेत्र के लोग पार्षद, विधायक और सांसद तक बात को पहुँचा चुके हैं, लेकिन आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई है। चन्द्रशेखर नगर में बरसात के कारण मार्गो में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जबकि वहाँ पर निवासरत छोटे-छोटे बच्चे सड़कों में खेलते रहते हैं, जिसके कारण कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है और नालियों के गंदा पानी मार्गों में आने से गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। वार्ड अंतर्गत पीएम आवास संबंधित समस्याओं का निवारण नहीं हो रहा है, लोग भटक रहे हैं, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के पास किसी भी प्रकार का जवाब नहीं है। जगन्नाथ मंदिर के पीछे जो कचरा डम्प हो रहा है, जिसके कारण हिन्दू भावनायें आहत हो रही है जबकि आमजनों द्वारा तत्काल हटाये जाने की मांग लगातार की जा रही है। चन्द्रशेखर नगर, अश्वनी नगर सहित अन्य कॉलोनियों के सड़कों में गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण टू-व्हीलर वाले आये दिन दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं। संदीप तिवारी ने कहा कि विभिन्न समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द नहीं किया गया तो एक बड़ा आंदोलन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के निवास एवं जोन मुख्यालय के खिलाफ किया जाएगा। आज पत्र सौंपने वालों में संदीप तिवारी के साथ डोमेश शर्मा, कल्याण साहू, रोहित साहू, रोहित सिंह, शैलेन्द्र यादव आदि उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26